महानगर नई दिल्ली बुधवार 16 अक्तूबर, 2019, रु. 5.00 (14 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

# जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com facebook.com/jansatta twitter.com/jansatta

**भूमि अधिग्रहण कानून :** संविधान पीठ से हटने के लिए सोशल मीडिया पर मुहिम से नाराज

## संस्थान की छवि धूमिल करने का प्रयास : जस्टिस मिश्रा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 15 अक्तूबर।



सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा ने भूमि अधिग्रहण कानून के प्रावधानों की व्याख्या के लिए गठित संविधान पीठ से हटने के लिए सोशल मीडिया और खबरों में चलाए जा रहे अभियान पर मंगलवार को नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह किसी न्यायाधीश विशेष के खिलाफ नहीं बल्कि संस्थान की छवि धूमिल करने का प्रयास है। न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा भूमि अधिग्रहण कानून के प्रावधानों की व्याख्या के लिए गठित पांच सदस्यीय संविधान पीठ की अध्यक्षता कर रहे हैं।

*मेरे* दृष्टिकोण के लिए मेरी आलोचना हो सकती है। हो सकता है कि मैं एक हीरो नहीं हूं और हो सकता है कि मैं एक कलुषित व्यक्ति हूं लेकिन यदि मैं संतुष्ट हूं कि मेरा जमीर साफ है तो ईश्वर के समक्ष मेरी निष्ठा स्पष्ट है तो मैं टस से मस नहीं होऊंगा। यदि मैं सोचूंगा कि मैं बाहरी तथ्यों से प्रभावित हो सकता हूं तो मैं सुनवाई से हटने वाला पहला व्यक्ति होऊंगा।
*–न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा*



### क्या कहा था न्यायाधीश ने फैसले में

*न्यायमूर्ति* मिश्रा फैसला सुनाने वाले उस पीठ के सदस्य थे, जिसने कहा था कि सरकारी एजंसियों द्वारा किया गया भूमि अधिग्रहण भू स्वामी द्वारा मुआवजे की राशि स्वीकार करने मे पांच साल तक का विलंब होने के आधार पर रद्द नहीं किया जा सकता।

*संविधान* पीठ के अन्य सदस्यों में न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी, न्यायमूर्ति विनीत सरन, न्यायमूर्ति एमआर शाह और न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट्ट शामिल हैं।

किसानों के संगठन सहित कुछ पक्षकारों ने न्यायिक नैतिकता के आधार पर न्यायमूर्ति मिश्रा से सुनवाई से हटने का अनुरोध करते हुए कहा है कि संविधान पीठ उस फैसले के सही होने के सवाल पर विचार कर रही है जिसके लेखक **बाकी पेज 8 पर**

# पाक गोलाबारी से पुंछ जिले में महिला की मौत

जम्मू/श्रीनगर, 15 अक्तूबर (भाषा)।

पाकिस्तान की सेना ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा से लगे हुए गांवों को निशाना बनाकर भारी गोलाबारी की। इस घटना में 24 वर्षीय एक महिला की मंगलवार को मौत हो गई। दूसरी ओर सोमवार को घाटी में पोस्ट पेड मोबाइल सेवाएं शुरू करने के कुछ ही घंटे बाद एहतियातन एसएमएस सेवाएं बंद कर दी गईं।

*चार* दिन से पाकिस्तान की ओर से नियंत्रण रेखा पर हुई गोलाबारी में इस महिला की मौत के साथ ही कुल तीन लोगों की मौत हो गई है।

पुंछ जिला विकास आयुक्त राहुल यादव ने बताया कि शाहपुर सेक्टर में पाकिस्तानी सैनिकों की ओर से हुई गोलाबारी में नूना-बांदी की रहनेवाली शमीमा अख्तर की मौत हो गई। इस घटना में चार भैंसों की जान भी चली गई। पाकिस्तानी सेना ने सुबह से ही अग्रिम चौकियों और गांवों को निशाना बनाया हुआ है।

इससे पहले एक रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि पाकिस्तानी सेना ने पुंछ के कस्बा और किर्नी सेक्टरों में छोटे हथियारों से गोलीबारी की और मोर्टार से गोले दागे। हालांकि, भारतीय सेना ने पाकिस्तान की गोलीबारी और गोलाबारी को रोकने के लिए **बाकी पेज 8 पर**

## फारूक की बहन, बेटी समेत 6 महिला प्रदर्शनकारी हिरासत में

श्रीनगर, 15 अक्तूबर (भाषा)।



पुलिस ने मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला की बेटी और बहन समेत छह महिलाओं को हिरासत में ले लिया। अधिकारियों ने बताया कि ये महिलाएं जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान हटाए जाने और राज्य को दो संघ शासित प्रदेशों में बांटने के विरोध में प्रदर्शन कर रही थीं। प्रदर्शनकारियों के एक समूह का नेतृत्व कर रहीं अब्दुल्ला की बहन सुरैया और उनकी बेटी साफिया को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। बांह पर काली पट्टी बांधकर तख्तियां **बाकी पेज 8 पर**

## अगला युद्ध स्वदेशी शस्त्र प्रणालियों से लड़ेंगे : सेना प्रमुख

नई दिल्ली, 15 अक्तूबर (भाषा)।

सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत ने मंगलवार को सशस्त्र बलों में स्वदेशी प्रौद्योगिकी को व्यापक रूप से शामिल करने की वकालत करते हुए कहा कि भारत अगला युद्ध देश में ही विकसित समाधानों के साथ लड़ेगा और जीतेगा।

*जनरल* रावत ने कहा कि शस्त्रों और अन्य प्रणालियों का विकास भविष्य के युद्धों को दिमाग में रखकर होना चाहिए।



41वें डीआरडीओ निदेशक सम्मेलन को संबोधित करते हुए जनरल रावत ने यह भी कहा कि शस्त्रों और अन्य प्रणालियों का विकास भविष्य के युद्धों को दिमाग में रखकर होना चाहिए।

उन्होंने कहा, 'अगर हम भविष्य के युद्धों की रूपरेखा की ओर देखें तो जरूरी नहीं कि ये आमने-सामने से लड़े जाएं। हमें साइबर क्षेत्र, अंतरिक्ष, लेजर, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और रोबोटिक्स के विकास के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) की ओर देखना होगा।' रावत ने कहा, 'अगर हम इस बारे में नहीं सोचते तो बहुत देर हो जाएगी।' उन्होंने पिछले कुछ **बाकी पेज 8 पर**

# अनुच्छेद 370 पर कांग्रेस फैला रही अफवाहें : मोदी

चरखी दादरी/थानेसर, 15 अक्तूबर (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त किए जाने के हालिया कदम के बारे में कांग्रेस नेताओं पर विदेश में अफवाहें फैलाने का मंगलवार को आरोप लगाया और मतदाताओं से आने वाले चुनावों में इसके लिए विपक्षी पार्टी को दंडित करने की अपील की।

मोदी ने चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस को चुनौती दी कि वह खुलेआम यह घोषणा करे कि अगर वह सत्ता में आई तो अनुच्छेद 370 पर भाजपा सरकार के फैसले को पलट देगी। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस के कुछ नेता देश में और विदेश में इस निर्णय पर अफवाह फैला रहे हैं।' मोदी ने कहा, 'आप जितना चाहें मोदी को गालियां दे लें और चाहें तो बैंकाक, थाइलैंड, वियतनाम या कहीं और से भी मंगवा लें। अगर आप मोदी के खिलाफ बोलते हैं तो मुझे कोई समस्या नहीं हैं, लेकिन आपको तरक्की की राह पर बढ़ रहे भारत की पीठ में छुरा घोंपना बंद करना चाहिए।'

हरियाणा में 21 अक्तूबर को विधानसभा चुनाव है। प्रधानमंत्री ने चरखी दादरी और कुरुक्षेत्र के थानेसर कस्बे में चुनावी रैलियों को संबोधित **बाकी पेज 8 पर**

**चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने लोगों से कहा, विपक्षी दल को दें सजा**



**'म्हारी छोरी छोरों से कम है के'**
पहलवान बबीता फोगाट के पक्ष में प्रचार कर रहे मोदी ने कहा 'अनौपचारिक बैठक के दौरान, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मुझसे कहा कि उन्होंने दंगल फिल्म देखी है।' प्रधानमंत्री ने हरियाणवी में कहा 'म्हारी छोरी छोरों से कम है के।'

## कश्मीर में शांति के लिए निर्णायक लड़ाई शुरू : शाह

गुरुग्राम, 15 अक्तूबर (भाषा)।



गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान खत्म किए जाने के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान द्वारा कई वर्षों से परोक्ष रूप से जारी युद्ध और आतंकवादी कृत्यों को खत्म करने की निर्णायक लड़ाई शुरू की है।

उन्होंने कहा कि इस कदम से जम्मू-कश्मीर में दीर्घकालिक शांति स्थापित होगी। आतंकवाद **बाकी पेज 8 पर**

## अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी घटाई भारत की आर्थिक वृद्धि दर

वाशिंगटन, 15 अक्तूबर (भाषा)।



अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) ने भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर का अनुमान 2019 के लिए मंगलवार को घटाकर 6.1 फीसद कर दिया है। यह उसके अप्रैल के अनुमानों से 1.2 फीसद कम है। तब उसने 2019 में देश की वृद्धि दर 7.3 फीसद रहने का अनुमान जताया था।

आइएमएफ ने अपनी नवीनतम विश्व आर्थिक परिदृश्य रपट में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2019 में 6.1 फीसद रहने का अनुमान जताया है। यह 2018 में **बाकी पेज 8 पर**

## पीएमसी बैंक के दो खाताधारकों की तनाव की वजह से हुई मौत

मुंबई, 15 अक्तूबर (एजंसी)।

घोटाले में घिरे पंजाब एंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव (पीएमसी) बैंक के 51 साल के एक खाताधारक संजय गुलाटी की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। उनके परिवार ने बैंक में करीब 90 लाख रुपए जमा करवाए थे।


संजय गुलाटी

वहीं एक अन्य खाताधारक फत्तोमल पंजाबी (59) की तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उपनगर **बाकी पेज 8 पर**

## झपटमारों ने छीना मजिस्ट्रेट का मोबाइल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 अक्तूबर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भतीजी के साथ हुई झपटमारी के बाद अब दिल्ली में एक मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट झपटमारी के शिकार हो गए। उन्हें घर के बाहर ही बदमाशों ने निशाना बना लिया। इस मामले में पुलिस का कहना है कि पुलिस की कई **बाकी पेज 8 पर**

## एटवुड और एवरिस्टो को बुकर पुरस्कार

लंदन, 15 अक्तूबर (भाषा)।



बुकर पुरस्कार के लिए विजेताओं का चयन करने वाले निर्णायक मंडल ने 1992 के बाद पहली बार नियम तोड़ते हुए इस साल प्रतिष्ठित पुरस्कार **बाकी पेज 8 पर**

## इकबाल मिर्ची से जुड़े संपत्ति मामले में प्रफुल्ल पटेल तलब

नई दिल्ली, 15 अक्तूबर (भाषा)।

प्रवर्तन निदेशालय ने अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के सहयोगी इकबाल मिर्ची की कथित अवैध संपत्तियों से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में राकांपा के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल को तलब किया।

अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री पटेल से 18 अक्तूबर को मुंबई में बयान दर्ज कराने को कहा गया है।



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पटेल तथा उनकी पत्नी द्वारा संचालित एक रियल एस्टेट कंपनी तथा मिर्ची की पत्नी के बीच एक सौदे के सिलसिले में धनशोधन रोकथाम कानून के तहत पटेल के बयान दर्ज कर सकता है। ईडी विमानन घोटाले से जुड़े धनशोधन के **बाकी पेज 8 पर**

### 'मिर्ची के साथ जमीन सौदा अटकलबाजी'

मुंबई, 15 अक्तूबर (भाषा)।

राष्ट्रवादी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल ने गैंगस्टर इकबाल मिर्ची के साथ जमीन-जायदाद का सौदा करने से जुड़े समाचारों को मंगलवार को 'कोरी अटकलबाजी' कहते हुए उसे खारिज कर दिया।

पटेल ने मंगलवार को यहां संवाददाताओं से कहा, 'दस्तावेजों को मीडिया को लीक किया गया हो सकता है।

हो सकता है आपके पास कुछ दस्तावेज हों, जिन्हें कभी भी मेरे समक्ष नहीं लाया **बाकी पेज 8 पर**

मानसून की वापसी के बाद पहले पश्चिमी विक्षोभ से बदल जाएगा मौसम **सुकून की बयार** दक्षिण-पश्चिम मानसून एक महीने देर से लौटा

# दिल्ली-एनसीआर को प्रदूषण से दो दिन बाद कुछ राहत

नई दिल्ली, 15 अक्तूबर (भाषा)।

दक्षिण-पश्चिम मानसून की लगभग एक महीने की विलंब से हुई वापसी के बाद मौसम के मिजाज में आए बदलाव की वजह से दिल्ली-एनसीआर में बढ़े वायु प्रदूषण के संकट से दो दिन बाद पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता आंशिक राहत देगी।

मौसम विभाग की उत्तर क्षेत्रीय पूर्वानुमान इकाई के वैज्ञानिक डॉ. कुलदीप श्रीवास्तव ने मंगलवार को बताया कि पिछले सप्ताह मानसून की वापसी के बाद हवा की गति मंद पड़ने के कारण दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि 18 अक्तूबर को पश्चिमी विक्षोभ के कारण दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में पश्चिमी हवाओं की गति में इजाफा होने का अनुमान है, जो कि समूचे क्षेत्र में वायु प्रदूषण बढ़ाने वाली धुंध की परत छटने में मददगार साबित होगी।

*पिछले* सप्ताह मानसून की वापसी के बाद हवा की गति मंद पड़ने के कारण दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण बढ़ गया है। 18 अक्तूबर को पश्चिमी विक्षोभ के कारण दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में पश्चिमी हवाओं की गति में इजाफा होने का अनुमान है, जो कि समूचे क्षेत्र में वायु प्रदूषण बढ़ाने वाली धुंध की परत छटने में मददगार साबित होगी।
*- डॉ. कुलदीप श्रीवास्तव, मौसम विभाग की उत्तर क्षेत्रीय पूर्वानुमान इकाई के वैज्ञानिक*



प्रदूषण पर निगरानी रखने वाली केंद्र सरकार की एजंसी 'सफर' के आंकड़ों के मुताबिक वायु प्रदूषण की गुणवत्ता में गिरावट के लिए जिम्मेदार पार्टीकुलेट तत्व पीएम-10 का दिल्ली में मंगलवार को स्तर 210 और पीएम 2.5 का स्तर 109 है, इसके अगले दो दिन में बढ़कर क्रमशः 231 और 120 तक पहुचंने का अनुमान है। मानकों के मुताबिक फिलहाल यह 'खराब' और 'बहुत खराब' श्रेणी में है।

डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि मानसून वापसी के बाद यह पहला पश्चिमी विक्षोभ है। उत्तरी क्षेत्र से पश्चिमी हवाओं को लाने वाले इस विक्षोभ **बाकी पेज 8 पर**

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक
मुख्य कार्यालय : लोकमंगल, 1501, शिवाजीनगर, पुणे-411 005

**सार्वजनिक सूचना**

कुछ दिनों पूर्व एक वेबसाइट द्वारा दुर्भावनापूर्ण इरादों से हमारे बैंक की वित्तीय स्थिति के बारे में एक गलत और आधारहीन रिपोर्ट प्रकाशित की गई और वह अब सोशल मीडिया पर प्रचारित हो रही है। वेबसाइट पर प्रकाशित खबर सही नहीं है और तथ्यों को जाने बिना निष्कर्ष निकाले गए हैं।

बैंक ने गुप्त प्रयोजन से अफवाह फैलाने वाले व्यक्तियों और उस वेबसाइट के खिलाफ पुलिस/ कानूनी कार्रवाई की शुरूआत कर दी है। बैंक ने केवल अपनी आरक्षिति (रिज़र्व) के साथ पुरानी हानियों के लेखा समायोजन हेतु भारतीय रिज़र्व बैंक से संपर्क किया था और ऐसा न होने पर भी बैंक की वित्तीय स्थिति बेहतर और अपरिवर्तित रहेगी।

इस संबंध में हम सभी हितधारकों को भरोसा दिलाते हैं कि हमारा बैंक भारत सरकार की 92% से अधिक की हिस्सेदारी के साथ बेहतर रूप से पूंजीकृत है और बैंक की वित्तीय स्थिति बहुत अच्छी है। हम सभी हितधारकों से अनुरोध करते हैं कि बैंक की छवि को खराब करने के उद्देश्य से फैलाई जा रही भ्रामक और गलत जानकारी वाले अफवाहों पर विश्वास न करें।

हम अपने ग्राहकों, शेयरधारकों और लोगों का धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने 84 वर्षों से राष्ट्र की सेवा में कार्यरत हमारे बैंक को निरंतर सहयोग और संरक्षण प्रदान किया है और हम इसके निरंतर उन्नति और विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

एम. जी. महाबळेश्वरकर
महाप्रबंधक
संसाधन आयोजना

15 अक्तूबर 2019
पुणे



epaper.jansatta.com

# ‘ठीक से खोजो तो मिल जाएगा नजीब’




नजीब की मां फातिमा नफीस के साथ धरनास्थल पर अरुधंति रॉय।
फोटो : अरुष चोपड़ा

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 15 अक्तूबर।

तीन साल पहले जेएनयू परिसर स्थित माही-मांडवी छात्रावास से लापता हुए नजीब अहमद की माता फातिमा नफीस का मानना है कि उनका बेटा जिंदा है। मंगलवार को इस बाबत जुटी एक जनसुनवाई में उन्होंने सरकार से नजीब की खोज दोबारा शुरू करने की अपील की। उन्होंने गृह मंत्री के नाम इस बाबत एक ज्ञापन दिया। इस मौके पर उन्होंने जांच एजंसियों पर विफलता का भी आरोप लगाया।

फातिमा नफीस कहती हैं कि मेरा बेटा परिसर से तीन साल से लापता है पर देश की सबसे स्मार्ट कही जाने वाली दिल्ली पुलिस से लेकर सीबीआइ के हाथ खाली हैं। मैं सवाल करती हूं कि यदि मेरे बेटे की जगह किसी नेता या अधिकारी का बेटा होता, तब भी सुरक्षा जांच एजंसियां ऐसे ही खाली हाथ अदालत में खड़ी होती? फातिमा नफीस का कहना है कि सौ फीसद उनको यकीन है कि उनका जिंदा है और अगर ठीक से ढूंढा गया तो उसका पता लग जाएगा।

फातिमा ने कहा-एबीवीपी के उन छात्रों को बचाने के लिए सुरक्षा एजंसियां चुप हैं! दिन-दहाड़े कैंपस से नजीब गायब हो जाता है पर तीन सालों में उसका कोई सुराग नहीं? जंतर मंतर पर नजीब को तलाश की मांग करने वालों में जेएनयू छात्रसंघ, वामपंथी छात्र संगठनों के अलावा जामिया, डीयू, आंबेडकर विश्वविद्यालय आदि से भी युवा मौजूद थे।

सनद रहे कि 14 अक्तूबर, 2016 की रात जेएनयू कैंपस स्थित अपने छात्रावास में नजीब अहमद और एबीवीपी के कुछ छात्रों के बीच मारपीट हुई। 15 अक्तूबर से जेएनयू कैंपस स्थित अपने माही-मांडवी छात्रावास से नजीब लापता है। दिल्ली पुलिस ने पहले जांच की। इसके बाद परिजनों की मांग पर अदालत ने जांच का जिम्मा सीबीआइ को सौंपा। जांच एजंसी को नजीब से जुड़ी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाई।

### तीनों नगर निगमों की पहल

# अब घर बैठे पास होंगे 500 गज के मकान के नक्शे

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 15 अक्तूबर।

तीनों निगमों में अब दिल्ली में 500 गज तक के मकान का नक्शा ऑनलाइन पास होगा। आम जनता को सुविधा देने के लिए यह पहल की गई है। पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विजय गोयल ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता में इस फैसले को आम जनता के लिए दीपावली का तोहफा बताया है।

उन्होंने कहा कि ऑनलाइन व्यवस्था से अफसरशाही और भ्रष्टाचार को रोकने में मदद मिलेगी। विजय गोयल ने कहा कि आम जनता अब आर्किटेक के माध्यम से नक्शा तैयार कर उसे सभी निगमों के पास ऑनलाइन ही जमा करा सकती है। इसके लिए किसी को निगम कार्यालय जाने की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि राहत देने के लिए ट्रेड लाइसेंस की प्रक्रिया को भी स्थानीय निकायों ने आसान बनाया है। अब तक इस लाइसेंस के लिए दुकानदारों को 12 कागज जमा कराने होते थे लेकिन अब कुछ कागज के बाद यह लाइसेंस आसानी से प्राप्त किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त घरेलू उद्योग के लिए अब 11 किलोवॉट बिजली कनेक्शन और 9 कर्मचारियों की व्यवस्था को मंजूर किया जाएगा, जबकि अब तक इस दायरे में केवल 5 किलोवॉट का बिजली कनेक्शन और 5 कर्मचारियों ही रखे जा सकते थे। इस मौके पर महापौर अवतार सिंह, स्थायी समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश, मीडिया प्रभारी प्रत्युष कंठ, मीडिया प्रमुख अशोक देवराहा समेत अन्य नेता भी उपस्थित थे।

### आवेदन की पूरी जानकारी ले सकेंगे

दक्षिणी निगम ने नोडल एजंसी होने के नाते ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत 500 वर्ग मीटर तक के कम जोखिम के रिहायशी भवनों की स्वीकृति प्लान के लिए एक ऑनलाइल मॉड्यूल विकसित किया है। इन भवनों के निर्माण परमिट प्राप्त करने के लिए एक साधारण आवेदन फार्म ऑनलाइन भरना होगा और इस प्रक्रिया में नगर निगम कार्यालय और उनके अधिकारियों का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। दक्षिणी निगम ने एक डैशबोर्ड विकसित किया है जहां नागरिक अपने मामले की वर्तमान स्थिति और जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा सारा भुगतान और उसका हिसाब ऑनलाइन कैलकुलेटर के माध्यम से किया जा सकेगा। यह कदम दक्षिणी निगम के नेतृत्व में तीनों निगमों द्वारा किया जाएगा। उपराज्यपाल, तीनों निगमों के महापौर और आयुक्तों की उपस्थिति में आज पेशेवरों इंजीनियर-आर्किटेक की ओर से 500 वर्ग मीटर तक के रिहायशी भवनों की स्वीकृति के विकास मोड्यूल को शुरू किया गया। इससे पहले 105 वर्ग मीटर के रिहायशी भवन के प्लान की स्वीकृति के लिए स्वयं या आर्किटेक का प्रमाण पत्र का प्रावधान रखा गया जोकि अब 500 वर्ग मीटर के रिहायशी भवनों पर भी लागू होगा।

## दिल्ली में 300 नई बसों के लिए प्रक्रिया शुरू

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 15 अक्तूबर।

सार्वजनिक परिवहन सेवाओं को सुधारने के लिए दिल्ली सरकार जल्द ही 300 बसें परिवहन बेड़े में शामिल करेगी। मंगलवार को परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बताया कि नई बसों के लिए दिल्ली सरकार ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। बसों की खरीद के लिए सरकार ने विभिन्न कंपनियों से आवेदन मंगाए हैं और इन आवेदन के आधार पर बसों के लिए प्रक्रिया शुरू की जाएंगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मार्ग दर्शन से ही दिल्ली में इलेक्ट्रिक बसें लाने का रास्ता खुला है और इससे दिल्ली वालों के लिए आधुनितक पर्यावरण हितैषी बसें उपलब्ध होगी। ज्ञात हो कि प्रदूषण स्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी के लिए सार्वजनिक बसों की संख्या में कमी को भी बड़ा कारण माना जा रहा है। इस वजह से दिल्ली की सड़कों पर निजी वाहनों व दुपहिया की संख्या बढ़ रही है। जो धूल कण व प्रदूषण का बड़ा कारण है। 2010 में दिल्ली के बेड़े में सीएनजी बसों का एक बड़ा बेड़ा शामिल किया गया था। इन बसों में लाल-हरी बसें शामिल थीं। इन बसों की हालत अब बेहद ही खराब है। 2010-11 में दिल्ली के पास 6204 बसें का बेड़ा था, जो अब घटकर केवल 3781 रह गया है।

## नवंबर से ऑटो-टैक्सी के फिटनेस शुल्क में राहत

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 15 अक्तूबर।

ऑटो व टैक्सी चालकों को दिल्ली सरकार ने मंगलवार को फिटनेस शुल्क में राहत देने की घोषणा की है। दिल्ली सरकार के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बताया कि फिटनेस शुल्क समेत अन्य शुल्क में तीन गुना तक शुल्क कम किया है। इससे सार्वजनिक परिवहन क्षेत्र में प्रयोग की जा रहे वाहन चालकों को बड़ी राहत होगी।

ये चालक लंबे समय से इस शुल्क में कटौती की मांग कर रहे थे। मंत्री ने बताया कि अब चालकों को जीपीएस व सिम चार्ज के लिए भी शुल्क नहीं देना होगा। इसके लिए कैबिनेट ने फैसला लिया है और यह व्यवस्था एक नवंबर से लागू होगी। नई व्यवस्था के तहत फिटनेस टेस्ट को निशुल्क, जुर्माने को 1000 रुपए और प्रतिदिन 50 से घटाकर 300 रुपए और 20 रुपए प्रतिदिन, पंजीकरण व पुनः पंजीकरण को 1000 से घटाकर 300 रुपए, फिटनेस की दूसरी प्रति का शुल्क 500 रुपए से 150 रुपए मालिकाना हक बदलने का शुल्क 500 रुपए से 150 रुपए कर दिया गया है।

## दिल्ली सरकार ने केंद्र से मांगी ‘सफर’ की रिपोर्ट

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 15 अक्तूबर।

दिल्ली और आस पास में लगातार बढ़ रहे प्रदूषण के बाद मंगलवार को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री कैलाश गहलोत ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ हर्षवर्धन को पत्र लिखा है। पत्र में दिल्ली सरकार ने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि ‘सफर’ की ओर से प्रदूषण स्तर के जुटाए जा रहे आंकड़ों को प्रतिदिन दिल्ली सरकार को भी दिया जाए।



इन आंकड़ों की मदद से सरकार दिल्ली में प्रदूषण को नियंत्रण करने के लिए कड़े कदम उठा सकेगी। कैलाश गहलोत ने कहा कि सर्दी में हर वर्ष दिल्ली वालों को गंभीर प्रदूषण से जूझना पड़ता है। इस प्रदूषण से राहत के लिए दिल्ली सरकार ने कई कड़े कदम उठाए हैं। इन कदमों के बाद दिल्ली के प्रदूषण स्तर में बीते वर्ष की तुलना में 25 फीसद तक की गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि यह केंद्र सरकार की जानकारी में है कि देश में फसल का कचरा जलाए जाने के बाद दिल्ली में पीएम 2.5 की मात्रा बढ़ जाती है।

12 अक्तूबर के बाद से ही इस स्तर में बढ़ोतरी देखी जा रही है। यह 12 अक्तूबर तक करीब 2 फीसद था और ‘सफर’ ने पहले ही चेताया था कि दिल्ली में प्रदूषण 15 अक्तूबर तक 6 फीसद बढ़ जाएगा। इसलिए इसकी निगरानी जरूरी है। इस प्रदूषण को केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग से नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। गहलोत का मानना है कि दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के माध्यम से सभी जगहों की निगरानी की जा रही है।

### नासा ने दिखाए हालात

बिगड़ रहे प्रदूषण की हालात के बाद दिल्ली सरकार ने नासा से प्राप्त किए गए फोटो जारी किए हैं। इन फोटो के माध्यम से दिल्ली व आसपास के राज्यों के द्वारा जलने की वजह से हो रहे प्रदूषण को दिखाया है। दिल्ली सरकार ने इन फोटो के हवाले से दावा किया है कि दिल्ली के आसपास के राज्य लगातार कृषि कचरा जला रहे हैं और उनका धुंआ दिल्ली आ रहा है। यह कचरा पंजाब व हरियाणा राज्यों में जलाया जा रहा है। जो नासा के फोटो में लाल रंग के खतरनाक संकेत की तरफ इशारा कर रहा है। सरकार ने कहा कि ये फोटो दिल्ली के प्रदूषण की सही जानकारी बता रहे हैं।

### सबसे प्रदूषित द्वारका

दिल्ली में प्रदूषण की चादर चारों तरफ फैलती जा रही है। प्रदूषण के आंकड़े बताते हैं कि मंगलवार को दिल्ली का सबसे प्रदूषित इलाका द्वारका था। यहां पर वायु गुणवत्ता सूचकांक 356 तक पहुंच गया है। इस क्षेत्र में धूल कण व कार्बन तत्वों की मात्रा अधिक दर्ज की गई है। क्षेत्र में पीएम 2.5 औसतन 293 तक और पीएम 10 औसतन 356 तक पहुंच गया है। प्रदूषण के लिहाज से सबसे खराब स्थिति की तरफ इशारा कर रहा है। विवेक विहार में स्तर 298 तक पहुंच गया है जबकि आनंद विहार में यह स्तर 310 तक दर्ज किया गया है। द्वारका के बाद सबसे प्रदूषित इलाकों में डीटीयू दिल्ली है। जहां प्रदूषण स्तर 343 हैं और इसके बाद मुंडका है, जहां स्तर 339 हैं। इसके अतिरिक्त रोहिणी में प्रदूषण का स्तर 300 के पास पहुंच गया है। यह स्तर 304 दर्ज किया गया है।

## उद्यमी सोच भी बेरोजगारी का समाधान: मनीष

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 15 अक्तूबर।

दिल्ली के उप मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि छात्रों में उद्यमी सोच रखना भी बेरोजगारी का एक समाधान है। सिसोदिया ने मंगलवार को दो सरकारी स्कूलों के छात्रों के साथ बातचीत की। वे शुरू किए गए एंटरप्रेन्योरशिप पाठ्यक्रम पर छात्रों के बीच थे।

मयूर विहार फेज-1 में स्थित गवर्मेंट को-एड सीनियर सेकेंडरी स्कूल और माध्यमिक विद्यालय, विनोद नगर उत्तर में कक्षा 10वीं से 12वीं तक के छात्रों के साथ उपमुख्यमंत्री का एक संवाद सत्र चला। साथ ही शिक्षामंत्री ने पाठ्यक्रम शुरू करने के पीछे के विचार पर चर्चा की। इस साल की शुरुआत में शुरू किए गए एंटरप्रेन्योरशिप माइंडसेट पाठ्यक्रम 9वीं से 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए पेश किया गया है। सिसोदिया ने कहा- यह पाठ्यक्रम बेरोजगारी की समस्या को दूर करने के लिए भी बेहतर है। छात्रों में उद्यमशीलता की मानसिकता विकसित करने की जरूरत है। सिसोदिया ने कहा- हर साल दिल्ली से लगभग 2.5 लाख छात्र पास होते हैं। अगर उनमें से केवल 50,000 ही उद्यमी बन पाते हैं तो हमें नौकरी की समस्या कभी नहीं होगी। और इसके लिए एंटरप्रेन्योरियल माइंडसेट का होना बहुत जरूरी है। यह एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में हमारी प्रगति को निर्धारित करता है।



हमारे युवा दिमाग को हुनर सिखाना चाहिए और किसी को उन्हें काम पर रखने का इंतजार नहीं करना चाहिए। हमारा उद्देश्य छात्रों को दोनों विकल्प देना है।




### विभिन्न इलाकों में ‘आप’ तैनात करेगी विजय प्रमुख

# विधानसभा चुनाव में ‘एके ऐप’ से होगा संवाद

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 15 अक्तूबर।



“यह संवाद सभी 14 जिलों में कार्यकर्ता सम्मेलन के माध्यम से होगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में हर जिले में बूथ स्तर के करीब एक हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे।”

-गोपाल राय, प्रदेश संयोजक ‘आप’

आम आदमी पार्टी इस बार विधानसभा चुनाव में एके (अरविंद केजरीवाल) मोबाइल ऐप के माध्यय से संवाद करेगी। इस मोबाइल ऐप की शुरुआत बुधवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल करेंगे। इसके अतिरिक्त विजय को सुनिश्चित करने के लिए पार्टी ने एक लाख 40 हजार ‘विजय प्रमुख’ भी तैनात करने का फैसला लिया है।

प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने बताया कि यह संवाद सभी 14 जिलों में कार्यकर्ता सम्मेलन के माध्यम से होगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्र में हर जिले में बूथ स्तर के करीब एक हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे। शुरुआत बुधवार को नजफगढ़ व तिलक नगर में जिला सम्मेलन से होगी। इसके बाद हर दिन दो जिलों के सम्मेलन किए जाएंगे।

ये सभी कार्यक्रम 24 अक्तूबर तक पूर्ण कर लिए जाएंगे। गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली में होने वाले चुनाव की पार्टी ने पूर्ण तैयारी कर ली है। इसके लिए लोकसभा प्रभारी से लेकर बूथ स्तर के प्रभारी बनाए गए हैं।

इस संवाद के माध्यम से पार्टी संगठन निर्माण के कार्य में जुटेगी। वहीं दूसरी तरफ पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ अजोय कुमार ने भाजपा सरकार को दिल्ली की सुरक्षा मामले में घेरा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था के लिए केंद्र सरकार सीधे तौर पर जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 118 जगह ऐसी हैं जो संवेदनशील हैं। इन जगहों पर 500 कैमरे लगाने की योजना थी।

इस मामले में सरकार को अनुमति नहीं दिए जाने के मामले में अदालत ने भी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने बताया कि निगमों को 500 कैमरे लगाने के आदेश दिए गए थे। लेकिन इस पर कोई काम नहीं किया गया। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली सरकार ने 2.80 लाख कैमरे लगाने की योजना तैयार की थी। इसे उपराज्यपाल ने मंजूरी नहीं दी। इस वजह से आज तक यह योजना लागू नहीं की जा सकी है।

**मौसम**

| तापमान | नोएडा | गाजियाबाद | गुरुग्राम | फरीदाबाद |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम | 34.8 डि.से. | 34.8 डि.से. | 34.0 डि.से. | 35.5 डि.से. |
| न्यूनतम | 20.4 डि.से. | 20.4 डि.से. | 20.3 डि.से. | 20.2 डि.से. |



### शाहबेरी मामले में जिलाधिकारी की खरीदारों से अपील

# आइआइटी की रिपोर्ट का इंतजार करें

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 15 अक्तूबर।

शाहबेरी में अवैध निर्माण के खिलाफ जिला प्रशासन व प्राधिकरण द्वारा की जा रही कार्रवाई के विरोध में फ्लैट खरीदारों का अनिश्चितकालीन धरना जारी है। आशियाना बचाने की मांग कर रहे लोगों से जिलाधिकारी बीएन सिंह ने अपील की है कि आइआइटी दिल्ली की रिपोर्ट आने का इंतजार करें, उसके पहले कोई कदम न उठाएं। शासन प्रशासन खरीदारों के हितों का ध्यान रखेगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि पुलिस प्रशासन को यह रिपोर्ट मिल रही है कि बिल्डर लोगों को उकसा रहे हैं। साथ ही बिना बिके हुए फ्लैटों में लोगों को घुसाने की कोशिश की जा रही है। इसे प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। बिना रजिस्ट्री के यदि कोई रह रहा है तो उसकी जांच कराई जा रही है। जिलाधिकारी ने अपील की है कि कौन भवन कमजोर हैं, यह जांच के बाद पता चलेगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को विचार करने का समय दें। शासन प्रकरण को लेकर गंभीर है।

### बेची जा चुकी संपत्ति नहीं की जाएगी संबद्ध



**शाहबेरी** में अवैध निर्माण करने वाले आरोपी बिल्डरों के खिलाफ जिला प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। गिरफ्तारी के साथ आरोपी बिल्डर की संपत्ति को भी संबद्ध किया जा रहा है। संपत्ति संबद्ध होने पर खरीदार परेशान हैं कि आखिर उनका क्या होगा। इस पर स्थिति स्पष्ट करते हुए जिलाधिकारी बीएन सिंह ने कहा अगर संपत्ति बेची जा चुकी है तो संबद्ध नहीं की जाएगी। बिल्डर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### बिल्डर जसवीर मान के खिलाफ एनएसए की कार्रवाई

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र शाहबेरी में अवैध निर्माण करने के मामले में जिला प्रशासन ने बिल्डर जसवीर मान के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) की कार्रवाई की है। जेल में बंद आरोपी बिल्डर के बाहर आने पर लोक व्यवस्था भंग होने की संभावना है। शाहबेरी में सबसे अधिक फ्लैटों का निर्माण करने वाला यह बिल्डर संगठित गिरोह बनाकर काम कर रहा था। लोगों को अपने झांसे में लेकर 169 फ्लैट बेच चुका है। यह जानकारी जिलाधिकारी बीएन सिंह व

- लोगों को उकसा रहे हैं बिल्डर, जिला प्रशासन को मिल रही है रिपोर्ट
- आशियाना बचाने के लिए अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं फ्लैट खरीदार

एसएसपी वैभव कृष्ण ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित संयुक्त प्रेसवार्ता में दी। जिलाधिकारी बीएन सिंह ने बताया कि जेल में बंद जसवीर मान बाहर आने की जुगत में लगा है, 17 अक्तूबर को इस मामले में कोर्ट में सुनवाई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी गौतमबुद्धनगर, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण व पूर्व में की गई मजिस्ट्रीयल जांच तथा खूफिया एजंसी की रिपोर्ट देखने के बाद आरोपी बिल्डर के खिलाफ एनएसए की कार्रवाई की गई है। एसएसपी वैभव कृष्ण ने बताया कि अन्य आरोपी बिल्डरों की तलाश की जा रही है। इससे पहले आरोपी बिल्डर साबुद्दीन के खिलाफ एनएसए की कार्रवाई हो चुकी है।







**रवानगी** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से सेवा सर्विस ट्रेन को हरी झंडी दिखाते पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, रेलमंत्री पीयूष गोयल, स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन और सांसद मीनाक्षी लेखी (बाएं से)। दूसरी तरफ प्लेटफॉर्म पर सजी धजी खड़ी सेवा सर्विस ट्रेन।

### दक्षिणी निगम ने प्रदूषण फैलाने पर 23 लाख रुपए वसूले

# कूड़ा जलाने और थूकने वालों पर लगाया जुर्माना

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 अक्तूबर।

वायु प्रदूषण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दक्षिणी निगम ने अपने इलाकों में पानी का छिड़काव और मैकेनिकल रोड़ स्वीपिंग जारी चारों जोनों में कुल 660 चालान करते हुए जुर्माने के रूप में 23,76100 रुपए में प्राप्त किए गए। निगम का कहना है कि दिल्ली की वायु गुणवत्ता फिर एक बार खराब होती जा रही है। इसका कारण पंजाब और हरियाणा में जलायी जा रही पराली है।

> दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर निगम की टीम कार्रवाई कर रही है

निगम आयुक्त ज्ञानेश भारती ने दिल्ली में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए मंगलवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। निगम ने प्रदूषण के खिलाफ चारों जोनों में कार्रवाई करते हुए एनजीटी एक्ट और डीएमसी एक्ट के प्रावधानों के उल्लंघन के मामलों में संबधित अधिकारियों ने चालान जारी किए। विभागों ने निर्माण गतिविधियों, ठोस कचरे को जलाने, कूड़ा फेंकने, थूकने, नालों में गंदगी फेंकने वालों पर जुर्माना लगाया है। इसके अलावा एसडब्लूएम नियमों के तहत चालान किए जा रहे हैं। मध्य जोन में धूल पर नियंत्रण के लिए 5 वाटर स्प्रींक्लर तैनात किए गए और 1 अक्तूबर, 2019 से 19 अक्तूबर, 2019 के बीच एसडब्लूएम और एनजीटी कानून के तहत निर्माण और वायु प्रदूषण को लेकर लगभग 112 चालान किए गए। जिनसे 5 हजार रुपए का जुर्माना प्राप्त हुआ। नजफगढ़ जोन में 153 चालान किए गए। जिनसे 9 लाख 84 हजार 200 रुपए का जुर्माना प्राप्त हुआ। पश्चिमी जोन में लगभग 186 चालान किए गए। जिनसे 1 लाख 40 हजार 900 रु का जुर्माना प्राप्त हुआ। दक्षिणी जोन में 209 चालान किए गए। जिनसे 12 लाख 45 हजार रु का जुर्माना प्राप्त हुआ।

## दिल्ली के तीनों निगम होंगे डिजिटल

दिल्ली के स्थानीय निकाय जल्द ही डिजिटल होंगे। मंगलवार को इसके लिए एमसीडी व डीटीयू के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। राजनिवास पर उपराज्यपाल अनिल बैजल की उपस्थित में यह कार्यक्रम हुआ। उपराज्यपाल ने कहा कि आम जनता को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निगमों को डिजिटल होने की जरूरत है। इससे निगमों के कामकाज की प्रणाली में भी सुधार होगा। उन्होंने कहा कि कामकाज की प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए जरूरी है कि उसमें मानव हस्तक्षेप को कम से कम किया जाए और उसे ऑनलाइन सेवाओं के माध्यम से आसान बनाया जाए। उपराज्यपाल ने निगमों को कचरा निस्तारण, पार्किंग प्रबंधन, सम्पत्ति कर और शहर योजना के लिए ऑन लाइन सेवाओं का अधिक से अधिक प्रयोग किए जाने के आदेश दिए हैं। इस मौके पर तीनों निगमों के महापौर समेत अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## सफाईकर्मियों की मौत पर निगम बैठक में हंगामा

दक्षिणी निगम की बैठक में मंगलवार को एक सफाई कर्मचारियों की मौत पर हंगामा हुआ। निगम पार्षदों का कहना था कि एक दुर्घटना में मारे गए कर्मचारी सुखबीर की मांग थी कि उसके परिवार वालों को नौकरी दी जाए। इसपर मेयर ने कहा कि वह उससे पहले मिलने नहीं आया और जब आया तो उसे मंगलवार को हाउस की बैठक के बाद आने कहा गया था लेकिन संयोग से उसकी मौत हो गई।

## डिफाल्टर श्रीनाथ इंफोटेक के भूखंड का आबंटन रद्द

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 15 अक्तूबर।

डिफाल्टर सूची में शामिल संस्थागत श्रेणी के एक भूखंड का आबंटन रद्द कर दिया गया है। भूखंड पर 30 अक्तूबर तक कब्जा लिया जाएगा। आबंटी पर कई करोड़ रुपए का बकाया है। बार -बार नोटिस जारी करने के बाद भी बकाया राशि जमा नहीं करने पर कार्रवाई की गई।

प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि सेक्टर-62 के सी-20/1ए/9 श्रीनाथ इंफोटेक प्रा. लि. को आबंटित किया गया था। आबंटी ने भूखंड आबंटन के समय कुछ किस्ते जमा कि इसके बाद किस्ते जमा करना भूल गया। ऐसे में कुल 23 करोड़ 6 लाख 94 हजार 816 रुपए बकाया हो गया। यह बकाया 30 सितंबर तक का है। वहीं, टाइम एक्सटेंशन के मद में 73 लाख 88 हजार 160 रुपए का जुर्माना लगाया गया। ऐसे में कुल 23 करोड़ 80 लाख 82 हजार 976 रुपए बकाया हो गया। इस बकाया राशि को चुकाने के लिए आबंटी को 16 जुलाई 2019 को अंतिम नोटिस जारी किया।

इसका जवाब आबंटी ने नहीं दिया। प्राधिकरण ने बताया कि इससे पहले भी आबंटी को कई बार नोटिस जारी किए जा चुके हैं। बार-बार आबंटी की ओर से पुर्ननिर्धारण के लिए अनुरोध किया जाता रहा। आबंटी ने पुर्ननिर्धारण के लिए कागजी कार्य तक पूरा नहीं किया गया। निर्धारित अवधि में इकाई कार्यशील नहीं करने पर नियमावली का उल्लघंन किया गया। ऐसे में आबंटन रद्द करते हुए मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने 30 अक्तूबर तक उक्त भूखंड पर कब्जा लेने के निर्देश दिए हैं।

# उत्तम नगर और न्यू अशोक नगर मेट्रो स्टेशन पर दो लोगों ने की खुदकुशी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 अक्तूबर।

उत्तम नगर पूर्वी और न्यू अशोक नगर मेट्रो स्टेशन पर मंगलवार को खुदकुशी के दो मामले सामने आए। उत्तम नगर में जहां सुबह मेट्रो स्टेशन की रेलिंग से 40 साल के एक व्यक्ति ने सड़क पर कूदकर अपनी जान दे दी। वहीं न्यू अशोक नगर मेट्रो स्टेशन पर अमित सोनी नामक एक युवक रेल की पटरियों पर लेटकर जान दे दी। उत्तम नगर में खुदकुशी करने वाले ने एक सुसाइड नोट छोड़ा है, जिसमें कर्ज से परेशान होने की बात लिखी है जबकि न्यू अशोक नगर में खुदकुशी करने वाले युवक जनकपुरी में एक होटल कंपनी में नौकरी करता था और दो महीने पहले ही उसकी शादी हुई थी। पुलिस ने दोनों के परिजनों को शव सौंपकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक मंगलवार सुबह साढ़े 9 बजे पीसीआर को सूचना मिली कि उत्तम नगर पूर्वी मेट्रो स्टेशन की रेलिंग से 40 साल का एक व्यक्ति सड़क पर कूद गया। वह जहां कूदा वहां ट्रैफिक पुलिस ड्यूटी पर थे। पुलिस वालों ने उसे तुरंत माता चानन देवी अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पास से एक सुसाइड नोट और आधार कार्ड बरामद हुआ। उसकी पहचान राजीव कुमार के रूप में हुई। वह हस्तसाल रोड, उत्तम नगर पश्चिम के जेजे कॉलोनी का रहने वाला था। नोट में उसने लिखा है कि वह कर्ज से परेशान था। उसने लिखा कि मरने के बाद मेरे परिवार को इसकी जानकारी दे दी जाए। वहीं, न्यू अशोक नगर मेट्रो स्टेशन पर दोपहर 2 बजकर 19 मिनट पर पुलिस को सूचना मिली कि ग्वालियर मध्य प्रदेश के रहने वाले 25 साल के अमित सोनी नामक युवक ट्रेन से कुचल गया है। ट्रेन के नीचे आने के कारण उसके सिर में गंभीर चोट आई।

## दो जगह पुलिस से मुठभेड़ में दो गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 अक्तूबर।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आधे घंटे में हुई दो मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों बदमाशों को पैर में गोली है। भलस्वा लैंडफिल के पास हुई मुठभेड़ में बदमाश की गोली से स्पेशल सेल में तैनात हवलदार बाल-बाल बच गया।

सेल के उपायुक्त प्रमोद कुमार कुशवाहा के मुताबिक इंस्पेक्टर शिवकुमार की टीम को सूचना मिली थी कि तिलक नगर निवासी प्रथम आनंद उर्फ तुषार भलस्वा लैंडफिल के पास सोमवार रात करीब नौ बजे आएगा। टीम महेंद्रा पार्क इलाके में हुई गोलीबारी मामले में तुषार को एक महीने से तलाश कर रही थी। मोटरसाइकिल पर आए बदमाश तुषार को पुलिस टीम ने आत्म समर्पण करने को कहा तो बदमाश ने गोली चला दी। बदमाश की एक गोली हवलदार राकेश कुमार की बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस टीम ने भी गोली चलाई। एक गोली तुषार के सीधे पैर में लगी। उसे जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तुषार ने मौके से छह से सात गोलियां चलाई थीं। उधर, इस मुठभेड़ से आधा घंटे पहले रात करीब साढ़े आठ बजे दूसरी मुठभेड़ राजघाट डिपो के पास हुई थी। न्यू उस्मानपुर निवासी इमरान ने मौके भागने के उद्देश्य से तीन राउंड गोलियां चला दीं। पुलिस ने भी फायरिंग की। एक गोली इमरान के पैर में गोली लगी है। आरोपी शास्त्री पार्क इलाके में हुई लूटपाट के मामले में वांछित था।

# जापानी बुखार की जांच के लिए आइसीएआर ने उपकरण बनाए

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 अक्तूबर।

जापानी बुखार और पशुओं में संक्रमण वाली बीमारियों की जांच के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आइसीएआर) ने दो उपकरण (किट) इजाद किए हैं। इनके नाम 'ब्लू टंग सैंडविच एलिसा किट' और 'जापानी इंसेफेलाइटिस आइजीएम एलिसा किट' रखा गया है। ये पूरी तरह स्वदेशी हैं।

आइसीएआर के महानिदेशक डॉ त्रिलोचन महापात्रा ने यह जानकारी प्रेस कांफ्रेस में दी। डॉ त्रिलोचन महापात्रा ने बताया कि केंद्र सरकार के 100 दिवसीय एजंडे के तहत यह खोज की गई है। ये दोनों एलिसा किट पूरी दुनिया के लिए एक महत्त्वपूर्ण खोज है। बकौल महापात्रा सभी राज्यों को इसका लाभ मिले इसके लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् सभी मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर इस बाबत जानकारी दे रहा है। मेक इन इंडिया मुहिम के तहत तैयार की गई देशी एलिसा किट से जांच का खर्च अब दस गुना कम हो जाएगा। जल्द ही इसका उत्पादन शुरू होगा। इसके लिए कंपनियों से विमर्श को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## पूर्वी निगम ने आठ दैनिक वेतनभोगी को स्थायी किया

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 अक्तूबर।

पूर्वी दिल्ली नगर दिल्ली की मेयर अंजु कमलकांत ने मंगलवार को पूर्वी दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग में कार्यरत आठ दैनिक वेतनभोगियों कमर्चारियों को स्थाईकरण के नियुक्ति-पत्र प्रदान किए। इस दौरान अपर आयुक्त अल्का शर्मा, अपर शिक्षा निदेशक सीमा शर्मा और वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। मेयर अंजु कमलकांत ने बताया कि जिन दैनिक वेतनभोगी कमर्चारियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए गए वे 1998 से निगम में कार्यरत हैं।

### आज के कार्यक्रम

**सभा-संगोष्ठी**

**इंडिया हैबीटाट सेंटर** : विम्हांस स्वास्थ्य चर्चा , केजुरीना सभागार, लोधी रोड, शाम सात बजे।

**विविध**

**इंडिया हैबीटाट सेंटर** : नृत्य, स्टेन सभागार, सेंटर परिसर, लोधी रोड, शाम सात बजे।

## हिंदू राव अस्पताल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 अक्तूबर।

उत्तरी दिल्ली नगर निगम में स्थाई समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश ने मंगलवार को उत्तरी दिल्ली नगर निगम के हिंदूराव अस्पताल द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का उदघाटन किया। अस्पताल ने इस अवसर पर रक्तदान के लिए नागरिकों को प्रेरित करने के लिए जन जागरूकता अभियान, नुक्कड़ नाटक और चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था। इस अवसर पर जय प्रकाश ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर जय प्रकाश ने कहा कि रक्तदान जीवनदान है। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा किया गया रक्तदान कई जिंदगियों को बचा सकता है। उन्होंने कहा कि हमें यह भावना जन.जन तक पहुंचानी चाहिए कि रक्तदान महादान है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम निकट भविष्य में भी आयोजित किए जाएगें।

## कैंसर जांच मोबाइल वैन से होगा इलाज

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 अक्तूबर।

कैंसर के मरीजों के लिए अब घर के नजदीक ही अपनी जांच करा सकेंगे। मंगलवार को विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने इस कार्य के लिए एक कैंसर वैन की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि यह वैन दिल्ली के सभी 14 जिलों में जाएगी और मरीजों का उपचार करेगी। इसके माध्यम से कैंसर के प्रति जागरूक भी किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि शुरुआत में ही इस बीमारी की पहचान हो जाए तो इससे बचाव मुमकिन है। यह पहल भाजपा के चिकित्सा प्रकोष्ठ के माध्यम से की गई है। कार्यक्रम में प्रदेश संगठन मंत्री सिद्धार्थन, प्रदेश उपाध्यक्ष अभय वर्मा, कोषाध्यक्ष विष्णु मित्तल, चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ वीके मोंगा व प्रभारी डॉ वीरेंद्र रूहेला समेत अन्य नेता व पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## 17 को दिल्ली सरकार के दफ्तरों में आधे दिन की छुट्टी


जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 अक्तूबर।

फूलवालों की सैर के सालाना आयोजन के मद्देनजर आगामी 17 अक्तूबर को दिल्ली सरकार और इससे संबद्ध स्वतंत्र निकायों व सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में दोपहर दो बजे के बाद अवकाश घोषित किया गया है। दिल्ली के उपराज्यपाल के आदेशानुसार इस छुट्टी की घोषणा की गई है।

# मोबाइल ऐप से करा सकेंगे टिकट बुक

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 15 अक्तूबर।

उत्तर प्रदेश परिवहन के मुसाफिर सुविधाओं से युक्त (लग्जरी) बसों में सफर करने के लिए पेटीएम ऐप के माध्यम से भी अपना टिकट बुक करा सकेंगे। अभी तक नेट बैंकिंग, क्रेडिट व डेबिट कार्ड, यूपीआइ ऐप से ऑनलाइन टिकट बुक कराने की सुविधा थी। नोएडा-ग्रेटर नोएडा में काम करने वाले अधिकांश युवाओं की मांग पर परिवहन निगम ने पेटीएम से लग्जरी बसों की टिकट बुक कराने की सुविधा शुरू की है। इसके बाबत रोडवेज मुख्यालय ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा के डिपो प्रभारी के आदेश जारी कर दिए हैं।



> दो सप्ताह तक चले परीक्षण में मिले उत्साहजनक परिणाम

> 25 फीसद तक नकद वापसी की मिलेगी सुविधा

नोएडा के मोरना डिपो के एआरएम अनुराग यादव के मुताबिक, अभी परिवहन निगम की बसों के यात्री टिकट बुक कराने के लिए नेट बैंकिंग के अलावा सिर्फ यूपीआइ ऐप का ही इस्तेमाल कर रहे हैं। काफी संख्या में यात्रियों ने पेटीएम के जरिए टिकट बुक कराने की सुविधा देने की मांग की है। जिसके चलते पेटीएम की टीम ने ऑनलाइन टिकट बुकिंग केंद्र से लेकर 400 से अधिक मार्गों पर एक हजार से अधिक बसों में इस सुविधा का दो सप्ताह का परीक्षण किया। इस अवधि में 186 मार्गों पर यात्रियों का रुझान इस ऐप से टिकट बुक कराने का मिला।

इसके तहत करीब 40 लाख रुपए के छह हजार टिकट बुक कराए गए। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की स्लीपर श्रेणी की एक दर्जन बसें, प्लेटिनम लाइन श्रेणी की 81 वाल्वो स्कैनिया, 281 शताब्दी व पिंक बस, 252 जनरथ आदि बसों में सीट इस ऐप के माध्यम से भी बुक कराई जा सकेंगी। रोडवेज की बसों में इस ऐप से टिकट बुक कराने वाली सवारियों को 25 फीसद तक नगद वापसी (कैशबैक) सुविधा मिलेगी। इसकी अधिकतम सीमा 150 रुपए होगी। इस छूट के पाने के लिए बस टिकट बुक कराने वाले यात्रियों को प्रोमो कोड (यूपीएसआरटीसी) का इस्तेमाल करना होगा।

epaper.jansatta.com




# बिहार के कद्दावरों की साख दांव पर

संजीव शर्मा
चंडीगढ़।



हरियाणा के चुनाव दंगल में भले ही एक हजार से अधिक प्रत्याशी ताल ठोक रहे हैं लेकिन इस चुनाव में बिहार के दो दिग्गज नेताओं लालू प्रसाद यादव और शरद यादव की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी हुई है। शरद यादव की तो ससुराल भी हरियाणा में है और उनकी बेटी भी हरियाणा के बड़े सियासी घराने की बहू हैं। वहीं लालू प्रसाद ने अपनी बेटी अहीरवाल के कांग्रेस नेता कैप्टन अजय सिंह यादव के बेटे के साथ ब्याही हुई है।

इन दोनों ही राजनीतिक परिवार के सदस्यों को कांग्रेस ने टिकट देकर चुनावी रण में उतारा है। इस चुनाव में रेवाड़ी हलके से लगातार छह बार विधायक रहे कैप्टन अजय सिंह यादव ने अपनी राजनीतिक विरासत बेटे चिरंजीव राव को सौंप दी है। इसी कारण उन्होंने अपनी परंपरागत सीट पर इस बार खुद चुनाव लड़ने की बजाय बेटे को चुनाव लड़वाने का फैसला किया। लालू यादव की बेटी अनुष्का राव, कैप्टन यादव की पुत्रवधू और चिरंजीव राव की पत्नी हैं।

हरियाणा

चिरंजीव राव हरियाणा में युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष रहे हैं। अजय यादव ने गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र से चुनाव भी लड़ा था लेकिन केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के हाथों वह शिकस्त खा बैठे। इससे पूर्व 2014 के विधानसभा चुनावों में भाजपा के रणधीर सिंह कापड़ीवास ने उन्हें रेवाड़ी से विधानसभा में हराया था। कापड़ीवास का टिकट कटने के बाद वे बागी हो गए और निर्दलीय चुनावी रण में डटे हैं। कापड़ीवास की वजह से ही रेवाड़ी हलके का चुनाव उलझ गया है और यहां त्रिकोणीय मुकाबला नजर आ रहा है।




चिरंजीव राव के नामांकन-पत्र दाखिल करवाने के मौके पर उनके साले व लालू पुत्र तेजस्वी यादव आए थे। बिहार के उपमुख्यमंत्री रहे तेजस्वी का परिवार भी अपने दामाद के लिए रेवाड़ी में घर-घर जा कर प्रचार कर रहा है। वहीं गुरुग्राम जिला की बादहशाहपुर सीट पर भी पूरा संग्राम मचा हुआ है। यहां से विधायक रहे व कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह की टिकट काटकर भाजपा ने युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष मनीष यादव को बादशाहपुर से चुनावी रण में उतारा है। वहीं कांग्रेस ने यहां बड़ा दांव चलते हुए राव नरबीर सिंह के भाई कमलवीर यादव को चुनावी रण में उतारा है। कमलवीर यादव पूर्व केंद्रीय मंत्री व राज्यसभा सांसद शरद सिंह यादव के समधी हैं। शरद यादव की बेटी सुभाषिनी यादव, कमलवीर के बेटे राजकमल राव की पत्नी हैं। माना जा रहा है कि शरद यादव की सिफारिश पर ही कांग्रेस ने कमलवीर को टिकट दिया है। शरद जब जदू (एकी) अध्यक्ष हुआ करते थे तो उन्होंने कमलवीर को हरियाणा का प्रधान बनाया हुआ था।

# चुनावी दंगल में कसौटी पर खानदानी सियासत

अजय पांडेय
नई दिल्ली

हरियाणा विधानसभा के इस चुनाव में सूबे की खानदानी सियासत कसौटी पर है। सर छोटूराम से लेकर ताऊ देवीलाल तक और बंसीलाल से लेकर भजनलाल तक सूबे के चर्चित सियासी घरानों के सूरमा चुनावी अखाड़े में जोर आजमाइश कर रहे हैं। प्रदेश का कद्दावर हुड्डा परिवार हो या फिर अहिरवाल का यादव खानदान हो, पूरी ताकत से चुनावी हवा का रुख अपनी ओर मोड़ने में जुटा हुआ है। इस चुनाव में इन सियासी घरानों के कई दिग्गज आपस में भी दिलचस्प चुनावी मुकाबले में एकदूसरे से भिड़ रहे हैं।

सूबे के कद्दावार जाट नेताओं में शुमार और सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा गढ़ सांपला किलोई की अपनी पुरानी सीट से अपनी चुनावी किस्मत आजमा रहे हैं। हुड्डा के पिता रणबीर सिंह हुड्डा आजादी की लड़ाई के समय से ही कांग्रेस से जुड़े रहे। सूबे की जनता ने उन्हें अपना नुमाइंदा चुनकर राज्य की विधानसभा से लेकर संसद तक भेजा। हुड्डा दो बार सूबे के मुख्यमंत्री रहे और संसद भवन तक का सफर तय किया। उनके बेटे दीपेन्द्र हुड्डा भी सांसद रहे।



भूपेन्द्र सिंह हुड्डा

हुड्डा परिवार और एक अन्य कद्दावर राजनेता सर छोटूराम के परिवार में रिश्तेदारी है। राजग सरकार में काबीना मंत्री रहे चौधरी बीरेन्द्र सिंह रिश्ते में हुड्डा के भाई लगते हैं। यह और बात है कि आज दोनों परिवारों की राजनीतिक विचारधारा बिल्कुल अलग अलग है।


चौधरी बीरेन्द्र सिंह भाजपा के राज्यसभा से सांसद हैं तो उनके बेटे पार्टी के लोकसभा से सांसद हैं और पार्टी ने उचाना कलां विधानसभा क्षेत्र से चौधरी बीरेन्द्र सिंह की पत्नी प्रेमलता को दोबारा चुनाव मैदान में उतारा है।

2014 के चुनाव में भी उन्होंने इस सीट से जीत दर्ज की थी।


**किसी** जमाने में प्रदेश के बेहद ताकतवर सियासी परिवारों में शुमार किए जाने वाले चौधरी देवीलाल के परिवार में सियासत को लेकर बंटवारा हो गया है। ओमप्रकाश चौटाला की इंडियन नेशनल लोकदल की नुमाइंदगी उनके बेटे अभय सिंह चौटाला कर रहे हैं और ऐलनाबाद से चुनाव मैदान में हैं जबकि चौटाला के ही बेटे अजय सिंह चौटाला ने जननायक जनता पार्टी बनाई है जिसके टिकट पर दुष्यंत उचाना कलां और उनकी मां नैना सिंह चौटाला बाढ़रा विधानसभा क्षेत्र से चुनावी किस्मत आजमा रहे हैं।



**हरियाणा** की सियासत में चौधरी बंसीलाल की एक खास पहचान है। सबसे ज्यादा समय तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे बंसीलाल को हरियाणा का निर्माता भी कहा जाता है। उनकी बहू और प्रदेश विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल की नेता रहीं किरण चौधरी इस चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर तोशाम विधानसभा क्षेत्र से लड़ रही हैं तो चौधरी बंसीलाल के बेटे रणबीर सिंह महेन्द्रा बाढ़रा विधानसभा क्षेत्र से तो दामाद सोमवीर लोहारू से कांग्रेस के प्रत्याशी हैं। इस चुनाव में इस परिवार के लोगों की जीत हार से यह तय होगा कि क्षेत्र के लोगों पर पकड़ अब भी कायम है या नहीं।



**भजनलाल** परिवार की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी हुई है। उनके बड़े बेटे को कांग्रेस ने कालका विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया है तो छोटे बेटे कुलदीप बिश्नोई कांग्रेस के ही टिकट पर आदमपुर से मैदान में हैं। भजनलाल अपने इस क्षेत्र को अपना परिवार करार देते रहे। ऐसे में यह देखना दिलचस्प है कि इस चुनाव में बिश्नोई को क्षेत्र की जनता का प्यार मिल पाता है या नहीं।



इस विधानसभा चुनाव में उचाना कलां सीट का चुनावी मुकाबला बेहद दिलचस्प है क्योंकि यहां पर हरियाणा के दो मशहूर सियासी घरानों में जबरदस्त टक्कर है। सर छोटूराम के नाती चौधरी बीरेन्द्र सिंह की पत्नी यहां से भाजपा के टिकट पर तो पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी देवीलाल के परपोते दुष्यंत चौटाला जननायक जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

अहिरवाल की हरियाणा की सियासत में एक अलग अहमियत है। करीब एक दर्जन सीटों तक के विस्तार वाले इस यादव बहुल इलाके में भी कई मशहूर सियासी घराने हैं।

सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री राव बीरेन्द्र सिंह के बेटे राव इन्द्रजीत सिंह केन्द्र सरकार में मंत्री हैं और क्षेत्र के ज्यादातर चुनावी टिकट उनकी इच्छा से बांटे गए लेकिन उनकी प्रबल इच्छा के बावजूद भाजपा ने उनकी बेटी को टिकट नहीं दिया।

दूसरी ओर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री व एक अन्य मशहूर सियासी परिवार से ताल्लुक रखने वाले कैप्टन अजय यादव के बेटे चिरंजीवी चुनाव मैदान में हैं। इसी प्रकार मेव मुस्लिमों की बहुतायत वाले मेवात के नूंह विधानसभा क्षेत्र से प्रदेश के पूर्व मंत्री आफताब अहमद कांग्रेस के टिकट पर मैदान में हैं। उनके पिता खुर्शीद अहमद व दादा कबीर अहमद भी इस क्षेत्र की नमाइंदगी कर चुके हैं।

# मंदी, बेरोजगारी और घोटालों को मुद्दा बनाने में जुटी कांग्रेस

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली।

महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव में इस बार विकास का मुद्दा सिरे से गायब है। सत्तारुढ़ भाजपा के नेता जहां जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने और तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाने जैसे मुद्दे उछालकर सूबे के चुनाव माहौल में राष्ट्रवाद का रंग घोलने में जुटे हैं तो कांग्रेस ने किसानों की आत्महत्या, आर्थिक मंदी और बेरोजगारी को अपना प्रमुख चुनावी मुद्दा बनाकर सत्ता पक्ष को घेरने की रणनीति अपनाई है। पंजाब एंड महाराष्ट्र कोआपरेटिव बैंक घोटाले के तौर पर कांग्रेस को को ऐन चुनावी वक्त पर एक अहम चुनावी मुद्दा हाथ लगा है और पार्टी जाहिर तौर पर इसको जोर-शोर से उठा रही है।

महाराष्ट्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जलगांव की एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस-राकांपा गठबंधन को चुनौती दी कि यदि विपक्ष में हिम्मत है तो वह अपने चुनाव घोषणा पत्र में यह वादा करके दिखाए कि वह जम्मू-कश्मीर में फिर से अनुच्छेद 370 को बहाल कर देंगे। पार्टी के दूसरे बड़े नेता भी इस मुद्दे पर लगातार बोल रहे हैं और राज्य सरकार की उपलब्धियों की जगह केंद्र सरकार के कामकाज पर वोट मांग रहे हैं।

दूसरी ओर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने महाराष्ट्र की अपनी एक चुनावी रैली में कहा कि देश के करोड़ों नौजवान बेरोजगार घूम रहे हैं और भाजपा की अगुआई वाली सरकार चांद की बात कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों की वजह से न केवल महाराष्ट्र, बल्कि समूचे देश में उद्योग धंधे बंद हो रहे हैं जिससे बेरोजगारी लगातार पांव पसार रही है।

सियासी जानकारों का कहना है कि महाराष्ट्र विधानसभा के इस चुनाव में सत्ता पक्ष या विपक्ष कोई भी विकास की बात नहीं कर रहा है। सत्ता पक्ष राष्ट्रवाद के रथ पर सवार है तो विपक्ष के पास भी स्थानीय से ज्यादा राष्ट्रीय मुद्दे हैं। जाहिर तौर पर यहां पर आर्थिक मुद्दों की बेहद अहमियत है। अर्थव्यवस्था की मंदी से शेयर बाजाद के उतार चढ़ाव का यदि सबसे ज्यादा असर कहीं दिखता है तो यहीं दिखता है। बेरोजगारी का मुद्दा भी लाजिमी तौर पर यहां अहम है। यही वजह है कि कांग्रेस-राकांपा गठबंधन ने इन तमाम मुद्दों को पूरे दमखम से उठाना शुरू कर दिया है। पार्टी नेता राहुल गांधी से लेकर दिल्ली से पहुंचने वाले अन्य तमाम वरिष्ठ नेता और स्थानीय नेताओं ने भी आर्थिक मुद्दों को ही चुनावी मुद्दा बना रखा है।

पंजाब एंड महाराष्ट्र बैंक घोटाले को भी कांग्रेस ने महाराष्ट्र में अपना प्रमुख चुनावी मुद्दा बनाया है। इससे प्रभावित लोगों की कहानियां जमकर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं और आम जनता में इसका असर भी दिख रहा है।

# समर्थन को लेकर दो खेमों में बंटा अकाली दल

सुमन भटनागर
अंबाला।

हरियाणा में विधानसभा चुनाव के मतदान को सात दिन रह गए हैं। अंबाला शहर विधानसभा सीट पर राजनीतिक सरगर्मियां चरम पर हैं। हालांकि यहां कांगेस के पूर्व विधायक जसबीर मलौर, भाजपा के मौजूदा विधायक असीम गोयल और निर्दलीय पूर्व मंत्री निर्मल सिंह मैदान में हैं लेकिन असली मुकाबला भाजपा और निर्दलीय प्रत्याशी के बीच ही है।

असीम और निर्मल ने इन दिनों पूरी ताकत झोंकी हुई है। दोनों प्रत्याशी नुक्कड़ सभाओं के अलावा ज्यादा से ज्यादा नेताओं का समर्थन जुटाने में लगे हैं। रविवार को अकाली दल हरियाणा के वरिष्ठ नेता बलबीर सिंह इंजीनियर और पूर्व प्रदेश प्रवक्ता संत सिंह कंधारी ने असीम गोयल के समर्थन का एलान कर दिया जबकि इससे पहले पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शरणजीत सिंह सोथा और प्रदेश प्रभारी बलविंदर सिंह भूंदड़ निर्दलीय प्रत्याशी निर्मल सिंह को समर्थन का एलान कर चुके हैं।आज जब इस मामले में प्रदेश अध्यक्ष सोथा से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि पार्टी लाइन से हट कर भाजपा का समर्थन करने के लिए बलबीर सिंह और संत सिंह कंधारी को नोटिस जारी करके दो दिनों में उनका जबाब मांगा गया है। उनके जवाब के बाद ही इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।

अंबाला शहर विधानसभा

बलविंदर सिंह भूंदड़ ने कहा कि यह पार्टी की अनुशासनहीनता का मामला है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शरणजीत सोथा को इस मामले में कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। शिरोमणी अकाली दल ने निर्दलीय प्रत्याशी निर्मल सिंह को अपना समर्थन दिया है। जल्द ही अकाली दल के बड़े नेता निर्मल सिंह के प्रचार के लिए अंबाला शहर आएंगे।

कुछ दिन पहले अकाली दल के महासचिव प्रेम सिंह चंदुमाजरा ने भी यहां अपने एक दोस्त के निवास पर भाजपा के प्रत्याशी असीम गोयल के समर्थन की बात कही थी। बाद में कुछ अकाली नेताओं ने इसका खंडन कर दिया था। चंदूमाजरा ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं जताई। अंबाला शहर सीट पर सिख मतदाताओं की अच्छी खासी तादाद है।

हरियाणा

### अकाली विधायक को तोड़ने से हुई नाराजगी

एनडीए की घटक शिरोमणि अकाली दल हरियाणा और भाजपा में उस समय दूरियां बढ़ गई थीं जब भाजपा के कालांवाली से अकाली विधायक को तोड़ कर वहीं से उसे भाजपा टिकट पर चुनावी मैदान में उतार दिया। इसके बाद अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने एक बैठक कर भाजपा के मुकाबले में अपने उम्मीदवार उतारने का एलान कर दिया। अंबाला जिले में अंबाला शहर और अंबाला छावनी से चुनाव लड़ रहे दो निर्दलीय उम्मीदवारों निर्मल सिंह और चित्रा सरवारा को अकाली दल ने अपना समर्थन दे दिया है। हरियाणा में करीब 20 सीटें ऐसी हैं जहां सिख मतदाताओं की तादाद ठीक ठाक है।



जसबीर मलौर



निर्मल सिंह



असीम गोयल

# बागी दयाल प्यारी ने भाजपा-कांग्रेस दोनों के लिए खड़ी कीं मुश्किलें

ओमप्रकाश ठाकुर
शिमला।

पच्छाद विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की बागी दयाल प्यारी ने मुकाबले को तिकोना बना दिया है। कांग्रेस पार्टी के गंगूराम मुसाफिर पुराने खिलाड़ी हैं। वे यहां से छह बार कांग्रेस के टिकट पर जीत चुके हैं और विधानसभा अध्यक्ष भी रहे हैं। जबकि भाजपा उम्मीदवार रीना कश्यप और बागी दयाल प्यारी पहली बार विधानसभा चुनाव में उतर रही हैं। ये दोनों ही महिला नेता जिला परिषद चुनावों में जीत चुकी है। जबकि कांग्रेस के गंगूराम मुसाफिर के पास विधानसभा चुनाव लड़ने का अनुभव बहुत लंबा है।

हिमाचल

भाजपा ने यहां से नया चेहरा रीना कश्यप को गंगूराम के खिलाफ चुनाव मैदान में उतारा है। यदि ये दोनों ही चुनाव मैदान में होते तो मुकाबला आमने-सामने का हो जाता। लेकिन भाजपा से बागी हुई एवं पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष दयाल प्यारी ने गंगूराम मुसाफिर और रीना कश्यप दोनों के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी है। यहां मुकाबला दयाल प्यारी की वजह से कांटे का हो गया है।



गंगूराम मुसाफिर



दयाल प्यारी



रीना कश्यप

आलम यह है कि भाजपा को पार्टी के दिग्गज नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल को चुनाव प्रचार में उतारना पड़ा है। वहीं, भाजपा के लिए प्रतिष्ठा बनी इस पच्छाद सीट के लिए भाजपा सांसद सुरेश कश्यप इस हलके से एक दिन के लिए भी बाहर नहीं गए हं, जबकि मुख्यमंत्री जय राम सरकार के आधा दर्जन मंत्री पच्छाद हलके में डेरा डाले हुए हैं। इतना ही नहीं नाहन से विधायक और विधानसभा अध्यक्ष राजीव बिंदल तक को प्रचार में उतरना पड़ा है।

पच्छाद उपचुनाव

74 वर्षीय गंगू राम मुसाफिर 2012 के विधानसभा चुनावों के बाद लगातार चुनाव हारते जा रहे हैं। प्रदेश के छह बार मुख्यमंत्री रह चुके कांग्रेस केवरिष्ठ नेता वीरभद्र सिंह के करीबी गंगूराम मुसाफिर ने इस बार भी जीत के लिए पूरा जोर लगा रखा है। अस्वस्थ होने के कारण वीरभद्र सिंह प्रचार में नहीं जा पा रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस पार्टी की ओर से सारा दारोमदार पार्टी अध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौर और विधायकों ने संभाल रखा है।

### कभी कांग्रेस का गढ़ होता था सिरमौर!

जिला सिरमौर कभी कांग्रेस का गढ़ होता था। लेकिन 1998 में प्रदेश में भाजपा की भाजपा-हिविकां की सरकार बनने के बाद अब हालात बदले हैं। 2017 के विधानसभा उपचुनावों में जिला सिरमौर की पांच सीटों में से तीन सीटें भाजपा की झोली में गई थी। लेकिन सुरेश कश्यप के सांसद बन जाने के बाद पच्छाद हलके से विधायक की सीट खाली हुई है।

### तीन 'स' संघ, संगठन और सरकार पर है भाजपा का पूरा दारोमदार?

इस साल मई में हुए लोकसभा चुनावों में भी भाजपा ने बढ़त बरकरार रखी। लोकसभा चुनावों में सुरेश कश्यप को पच्छाद विधानसभा हलके से 35 हजार 271 मत मिले थे जबकि कांग्रेस प्रत्याशी धनीराम शांडिल को 19250 मत मिले थे। इस बार लोकसभा चुनावों में मोदी और अमित शाह की आंधी थी। अब इस उपचुनाव में ऐसा कुछ नहीं है। भाजपा का पूरा दारोमदार इस बार तीन 'स' संघ, संगठन और जय राम सरकार पर ही है।

# देसू जोधा के मोहल्ले में नेताओं की कतार

राखी जग्गा
देसू जोधा (डबवाली)।

गांव में एक कच्ची गली के कोने में छोटी-सी दुकान पर सफेद कुर्ता-पायजामा पहने इनेलो नेताओं का जमघट लगा है और वहां पार्टी प्रत्याशी डा. सीता राम पहुंचने ही वाले हैं क्योंकि वहां वार्ड नंबर-1 में पार्टी कार्यालय जो खोला जाना है। वार्ड के कुछ ग्रामीण पार्टी कार्यालय के बाहर खड़े हैं। उनमें ही एक 20 साल के बिंदर ने बताया कि वह उन चार नामजद लोगों में से हैं जिन्हें बीते दिनों इसी गांव में पंजाब पुलिस के सात कर्मियों की धुनाई मामले में आरोपी बनाया गया है जबकि 50 अज्ञात लोगों पर हत्या प्रयास की धाराएं लगाई गईं हैं। पंजाब पुलिस के साथ मारपीट का यह वाकया बीते नौ अक्तूबर को हुआ था।

असल में उस रोज पंजाब पुलिस जिस नशा तस्कर को गिरफ्तार करने आई थी उसी कुलविंद सिंह के घर के बाहर 30 लोग जमा हैं। उससे एक दिन पहले पुलिस हिरासत में गगनदीप सिंह भी इस अफरा-तफरी में निकल भागा था। पुलिस के मुताबिक गगनदीप ने कुलविंदर से नशे की छह हजार गोलियां खरीदी थीं और इसीलिए पंजाब पुलिस उसे धरने आई थी। घर के बाहर जमा ज्यादातर लोग कुलविंदर के परिजन हैं जो इस बात पर चर्चा कर रहे हैं कि उन्हें तो पुलिस ने हत्या प्रयास के आरोप में नामजद कर लिया जबकि उनके ही परिजन जग्गा सिंह की हत्या करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ कोई मामला नहीं बनाया गया। वे इस बात पर भी चर्चा कर रहे है कि इस बार उन्हें वोट देना भी चाहिए या नहीं। जग्गा सिंह दरअसल उस रोज पुलिस की गोलीबारी में मारे गए थे जो कुलविंदर के चाचा थे।

हरियाणा



बठिंडा के एसएसपी डॉ नानक सिंह ने दावा किया था कि उस रोज पुलिस ने गोली आत्मरक्षा में चलाई थी।

लोगों के भीड़ के बीच कुलविंदर अपनी कलाई पर इनेलो का बैंड बांधे हुए है लेकिन वार्ड नंबर एक में करीब 1250 वोटरों के घर पर किसी पार्टी का झंडा नहीं फहरा रहा। भले ही यहां-वहां दीवारों पर राजनीतिक दलों के पोस्टर चस्पा हो। कुलविंदर के मुताबिक, 'मेरे चाचा की हत्या हुई, बावजूद इसके एफआइआर हमारे ऊपर दर्ज की गई न की पुलिस वालों पर। उस रोज जब पंजाब पुलिस गांव में आईं तो मैं अपने घर में सो रहा था। उन्होंने मुझे मारकर उठाया और जब मेरे माता-पिता और सबने पुलिस की इस ज्यादती का विरोध किया तो पुलिसकर्मी कमलजीत ने हवा में गोलियां दागनी शुरू कर दी। उसी दौरान जग्गा सिंह के पेट और सीने में गोली लगी, जिसमें उनकी मौत हो गई। उसके बाद ही हमने पंजाब पुलिस वालों की धुनाई की। यहां तक कि कांस्टेबल कमलजीत को भी इस दौरान गोली लगी थी और वे आरोप हमारे ऊपर लगा रहे है।'

जग्गा सिंह की पत्नी बसंत कौर के मुताबिक, 'मेरे पति दिहाड़ीदार थे और उस रोज वह मौके पर हालात देखने ही आए थी लेकिन खुद गोलियों के शिकार हो गए। जबकि एफआइआर हमारे ऊपर दर्ज कर लिया गया। मेरे पति को मार दिया गया तो हमें इंसाफ कौन दिलाएगा। हम इस बार वोट ही नहीं देंगे।'

कुलविंदर के पिता तेज सिंह के मुताबिक, 'यदि पंजाब पुलिस वाले मेरे बेटे को पूछताछ के लिए अपने साथ भी ले जाते तो मुझे कोई एतराज नहीं था। लेकिन मेरे और मेरी पत्नी के साथ मारपीट की। उन्होंने मेरे भाई की हत्या कर दी और ऊपर से दो लाख रुपए की रिश्वत मांगी। उसके बाद हमें गुस्सा आना स्वभाविक था। इन दिनों सभी राजनीतिक दल वोट मांगने तो यहां आ रहे है लेकिन हमारी बात सुनने वाला कोई नहीं मदद तो बहुत दूर की बात।'

# पाकिस्तान की गोलीबारी से पूंछ जिले में महिला की मौत

पेज 1 का बाकी

माकूल जवाब दिया। हालांकि, तत्काल यह नहीं पता चला है कि इससे पाकिस्तान को कितना नुकसान पहुंचा है।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिन चढ़ने के साथ ही शाहपुर सेक्टर में भी गोलीबारी होने लगी जिससे सीमा क्षेत्र में रहनेवाले लोग घबरा गए। अधिकारी ने बताया कि ज्यादातर लोग घरों में ही रहे। अख्तर के निकट ही मोर्टार का एक गोला गिरा और उसके टुकड़े से उसकी मौत हो गई। सीमा पार से हुई गोलाबारी में कई घरों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि अंतिम रिपोर्ट आने तक भारी गोलीबारी हो रही थी।

पिछले चार दिन से पाकिस्तान की ओर से नियंत्रण रेखा पर हुई गोलीबारी में इस महिला की मौत के साथ ही कुल तीन लोगों की मौत हो गई है। इससे पहले बारामूला जिले के उरी सेक्टर और राजौरी जिले के नौशेरा में संघर्ष विराम के उल्लंघन की घटनाओं में दो जवान शहीद हो गए थे।

उधर कश्मीर घाटी में पोस्ट पेड मोबाइल सेवा बहाली के कुछ ही घंटों बाद एहतियात के तौर पर एसएमएस सेवा बंद कर दी गईं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कश्मीर में सोमवार मध्याह्न को 72 दिनों बाद पोस्ट पेड मोबाइल सेवा बहाल कर दी गई थी जबकि इंटरनेट अभी भी बंद है।

अधिकारियों ने बताया कि शाम पांच बजे एसएमएस सेवा बंद कर दी गई। 40 लाख उपभोक्ताओं की पोस्ट पेड मोबाइल सेवा शुरू होने की खुशी ज्यादा देर तक टिक नहीं सकी क्योंकि प्रतिबंध की अवधि में मोबाइल का बिल जमा न होने के कारण हजारों उपभोक्ताओं को सेवा से वंचित रहना पड़ा।

अधिकारियों ने बताया कि 25 लाख से अधिक प्रीपेड मोबाइल फोन और वाट्सऐप समेत अन्य इंटरनेट सेवाएं फिलहाल बाधित रहेंगी। राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने सोमवार को कहा था कि इंटरनेट सेवाएं जल्दी ही बहाल की जाएंगी लेकिन सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार इसमें दो महीने का समय लग सकता है। उन्होंने कहा कि प्रीपेड सेवाओं पर फैसला अगले महीने लिया जा सकता है।

# सावरकर को भारत रत्न देने के महाराष्ट्र भाजपा के प्रस्ताव पर विपक्ष की तीखी प्रतिक्रिया

मुंबई/नई दिल्ली, 15 अक्तूबर (भाषा)।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र इकाई ने विधानसभा चुनाव के लिए अपने घोषणा पत्र में विनायक दामोदर सावरकर को भारत रत्न दिए जाने का मंगलवार को प्रस्ताव रखा। कांग्रेस ने भाजपा की इस मांग के प्रस्ताव पर कहा कि यदि इस तरह की कोई मांग स्वीकार की जाती है तो 'इस देश को भगवान बचाए।'

भाजपा ने मंगलवार को कहा कि वह केंद्र में अपनी पार्टी की अगुवाई वाली राजग सरकार से वीर सावरकर के नाम से लोकप्रिय विनायक दामोदर सावरकर को देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देने की मांग करेगी। पार्टी के एक नेता ने बताया कि भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा जारी चुनाव घोषणापत्र में प्रदेश इकाई ने समाज सुधारकों– ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले को भी यह सम्मान देने की मांग की है। सावरकर को भारत रत्न देने की मांग को लेकर विपक्ष ने तीखा हमला किया। कांग्रेस प्रवक्ता मनीष तिवारी ने यह दावा भी किया, 'सावरकर के ऊपर महात्मा गांधी की हत्या के मामले में फौजदारी का मुकदमा चला है। यह बात सही है कि वे बरी हो गए थे। इसके बाद कपूर आयोग बना। एक पत्रकार ने अपने लेख में लिखा है कि कपूर आयोग जिस निष्कर्ष पर पहुंचा वह इस बात की ओर संकेत करता है हत्या की साजिश सावरकर एवं उनके समूह की थी।' उन्होंने कहा, 'महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के मौके पर अगर ऐसी किसी चीज (सावरकर को भारत रत्न देने) के ऊपर सरकार विचार करती है तो फिर इस देश को भगवान बचाए।' कांग्रेस के हमले पर पलटवार करते हुए भाजपा के प्रवक्ता नलिन कोहली ने कहा कि यह भाजपा की ओर से मंशा जताने वाला बयान है क्योंकि देश की आजादी में अपना योगदान देने वाले सभी महान सपूतों और बेटियों को सम्मानित किया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया, 'कांग्रेस ने अपने शासनकाल में यह सुनिश्चित किया था कि केवल एक ही परिवार को श्रेय मिले।' भाकपा के महासचिव डी राजा ने कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को सम्मानित करने का भी प्रस्ताव रख सकती है।राजा ने यहां कहा, 'यह हमारे समय की सबसे बड़ी विडंबना है कि जब हम गांधीजी की जन्मशती का जश्न मना रहे हैं तो भाजपा सावरकर को भारत रत्न देने की मांग कर रही है जो उनकी हत्या मामले में एक आरोपी थे।'आल इंडिया मजलिस-इ-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भी इस मांग की निंदा की है। सावरकर हिंदू महासभा के सदस्य थे।

## भाजपा घोषणापत्र में एक करोड़ रोजगार देने का वादा

मुंबई, 15 अक्तूबर (भाषा)।

भाजपा ने आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को अपना

घोषणापत्र जारी कर दिया। इसमें अगले पांच वर्ष में राज्य की अर्थव्यवस्था एक हजार अरब डॉलर तक पहुंचाने, एक करोड़ रोजगार का सृजन करने और वर्ष 2022 तक सभी को घर देने का वादा किया है।

भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने यहां संकल्प पत्र जारी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, राज्य के पार्टी अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल तथा मुंबई इकाई के प्रमुख मंगल प्रभात लोढा मौजूद थे।

शिवसेना ने तीन दिन पहले अपना अलग घोषणा पत्र जारी किया था जिसमें उन्होंने दस रुपए में भरपेट भोजन उपलब्ध कराने और किसानों को रिण मुक्त किए जाने समेत कई वादे किए थे। भाजपा के घोषणा पत्र में राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों के लिए एक अलग रखरखाव विभाग का गठन किए जाने का वादा किया गया है, जहां इस समय सड़क निर्माण ठेकेदारों द्वारा मरम्मत और अन्य कार्य किए जाते हैं। पार्टी के घोषणा पत्र में 16 हजार करोड़ रुपए की महत्वाकांक्षी मराठवाड़ा पेयजल ग्रिड परियोजना को भी स्थान मिला है। इसमें राज्य में कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में पांच लाख करोड़ रुपए का निवेश किए जाने का भी आश्वासन दिया गया है।

# फारूक की बहन, बेटी समेत 6 महिला प्रदर्शनकारी हिरासत में

पेज 1 का बाकी

पकड़े प्रदर्शन कर रहीं इन महिलाओं को पुलिस ने प्रदर्शन करने से रोका और शांतिपूर्वक लौट जाने के लिए कहा। महिलाओं ने जाने से मना किया और प्रदर्शन जारी रखते हुए धरने पर बैठ गईं। महिला सीआरपीएफ जवानों ने प्रदर्शनकारियों को पुलिस वाहनों में बैठाया।

पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को कवरेज के लिए आए मीडिया को बयान वितरित करने से रोकने का प्रयास भी किया। बयान में कहा गया है– 'हम कश्मीर की महिलाओं ने भारत सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 और 35ए को हटाए जाने तथा राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के एकतरफा फैसले को अस्वीकार कर दिया है।' नागरिक स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारों की बहाली की मांग करते हुए महिलाओं ने कहा कि उन्हें केंद्र सरकार की तरफ से धोखा और अपमान मिला है। उन्होंने हिरासत में लिए गए लोगों को तत्काल रिहा करने और ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के विसैन्यीकरण की भी मांग की।

# कश्मीर में शांति के लिए निर्णायक लड़ाई शुरू : शाह

पेज 1 का बाकी

विरोधी बल राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के 35वें स्थापना दिवस के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में अमित शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर से विशेष राज्य का दर्जा वापस लेने का हाल ही में लिया गया निर्णय कश्मीर घाटी से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को पूरी तरह मिटाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार आतंकवाद को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति पर अडिग है और इस लक्ष्य को हासिल करने में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड की अहम भूमिका है।

मानेसर में एनएसजी के मुख्य केंद्र में शाह ने कहा, 'मेरा मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान हटाने के साथ हमने अपने पड़ोसी (पाकिस्तान) द्वारा कई वर्षों से परोक्ष रूप से जारी युद्ध और आतंकवादी कृत्यों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई शुरू की है। इससे कश्मीर और क्षेत्र में दीर्घकालिक शांति भी सुनिश्चित होगी।' उन्होंने कहा कि भारत कई वर्षों से आतंकवाद की समस्या का सामना कर रहा है और दुनिया में बहुत कम ही देश होंगे जिन्होंने आतंकवाद के खिलाफ इतनी लंबी लड़ाई लड़ी हो।

उन्होंने कहा कि आतंकवाद किसी भी सभ्य समाज के लिए अभिशाप और विकास में बाधा है। शाह ने कहा, 'इसलिए हमारी सरकार आतंकवाद को बिल्कुल बर्दाश्त नही करने की नीति पर अडिग है।' गृह मंत्री ने कहा कि अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान हटाने के निर्णय का लक्ष्य कश्मीर से आतंकवाद को पूरी तरह मिटाना और देश को इस समस्या से बचाना था।

शाह ने गुजरात के अक्षरधाम मंदिर हमले और 2008 में मुंबई के 26/11 हमलों में आतंकवादियों के खिलाफ चलाए गए अभियानों को याद करते हुए विशिष्ट कमांडो बल की तारीफ की और कहा कि किसी भी आतंकवादी हमले का मुकाबला करने की अपनी क्षमता से उन्होंने दुनिया को प्रभावित किया है।

उन्होंने कहा, 'इससे नागरिकों में यह विश्वास उत्पन्न होता है कि वे सुरक्षित हाथों में हैं।' गृह मंत्री ने कहा कि गतिशीलता निगरानी, मारक क्षमता और ड्रोन हमलों से निपटने की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए एनएसजी को नवीनतम उपकरण मुहैया कराए गए हैं। लेकिन एक कमांडो का साहस, जुनून और देशभक्ति सबसे महत्वपूर्ण गुण है जो किसी अभियान या कार्य में जीत सुनिश्चित करता है।

उन्होंने एनएसजी से लगातार अपने 'वर्ल्ड क्लास जीरो एरर' दृष्टिकोण से काम करने को कहा। एनएसजी का गठन 1984 में किया गया था जो संघीय आतंकवाद निरोधी बल है।

# ईडी को चिदंबरम से पूछताछ या गिरफ्तारी की मंजूरी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 अक्तूबर।

अदालत ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)को पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम (74) से आइएनएक्स मीडिया धनशोधन मामले के सिलसिले में पूछताछ की इजाजत दे दी। लेकिन यह पूछताछ तिहाड़ में ही हो सकेगी। विशेष न्यायाधीश अजय कुमार कुहाड़ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की चिदंबरम से पूछताछ की अर्जी को कबूल कर लिया। लेकिन रिमांड पर देने की उनकी अर्जी से असहमति जता दी। इस बीच चिदंबरम ने जमानत का अनुरोध करते हुए मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि सीबीआइ सिर्फ उन्हें अपमानित करने के लिए ही हिरासत में रखना चाहती है।

चिदंबरम आइएनएक्स मीडिया भ्रष्टाचार मामले में 17 अक्तूबर तक न्यायिक हिरासत में हैं। सीबीआइ ने मामला दर्ज किया था। कुहाड़ ने कहा कि जांच एजंसी ईडी चिदंबरम से बुधवार को तिहाड़ जेल में पूछताछ कर सकती है और जरूरत पड़ने पर उन्हें गिरफ्तार कर सकती है। अदालत ने कहा कि ईडी की रिमांड का आवेदन इस समय थोड़ा जल्दबाजी वाला है। ईडी ने अपनी अर्जी में कहा कि उसे आइएनएक्स मीडिया मामले से जुड़े धनशोधन मामले में पी चिदंबरम को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ करने की जरूरत है। अदालत के आदेश के बाद ईडी ने चिदंबरम से राउज एवेन्यू अदालत परिसर में उपलब्ध किसी जगह पर पूछताछ की अनुमति मांगी।

## पीएमसी बैंक के दो खाताधारकों की तनाव की वजह से हुई मौत

पेज 1 का बाकी

ओशिवरा के निवासी संजय गुलाटी सोमवार सुबह शहर की एक अदालत के बाहर आयोजित जमाकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने गए थे। पैसा फंसने के कारण वह तनाव में चल रहे थे। आंदोलनकारी जमाकर्ताओं में से एक मनाली नारकर ने बताया कि गुलाटी अपने 80 वर्षीय पिता के साथ प्रदर्शन में शामिल हुए थे।

प्रदर्शन स्थल पर बनाए गए वीडियो में गुलाटी के पिता ने दावा किया कि उनके परिवार ने बैंक में 90 लाख रुपए से अधिक की राशि जमा करवाई थी। ओशिवरा पुलिस थाने के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सोमवार को रात का भोजन करते वक्त उन्हें दिल का दौरा पड़ा और मौत हो गई। मीडिया के कुछ हलकों में आई खबरों के मुताबिक जेट एयरवेज बंद होने से गुलाटी का रोजगार छिन गया था। उनका बेटा दिव्यांग है जिसके नियमित चिकित्सीय खर्चे हैं। बैंक के अन्य खाताधारक फत्तोमल पंजाबी की तबीयत मंगलवार दोपहर मुलुंड स्थित उनकी दुकान में बिगड़ गई। जब तक उन्हें अस्पताल ले जाया जाता तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

# अनुच्छेद 370 पर कांग्रेस फैला रही अफवाहें : मोदी

पेज 1 का बाकी

किया। मोदी ने कहा कि हरियाणा में और देश में महसूस किया जा रहा था कि जम्मू कश्मीर को हिंसा के चक्र से निकाला जाना जरूरी है। उन्होंने कहा, 'मैं हरियाणा के लोगों से पूछना चाहता हूं कि क्या आप अनुच्छेद 370 को समाप्त करने के फैसले को स्वीकार करते हैं।' प्रधानमंत्री ने कहा कि यह निर्णय देशहित में लिया गया और पूरा देश जम्मू कश्मीर और लद्दाख के साथ है। इससे पहले मोदी ने चरखी दादरी में एक रैली को संबोधित किया। मोदी ने यहां भी जनता से पूछा कि क्या वे अनुच्छेद 370 पर कांग्रेस का समर्थन करते हैं। उन्होंने प्रश्न किया, 'क्या आप कांग्रेस के रुख से सहमत हैं? क्या वे देश के लिए सही बोल रहे हैं।' मोदी ने कहा कि राज्य के लोगों ने भाजपा सरकार के साफ-सुथरे और पारदर्शी प्रशासन पर मुहर लगाने और पार्टी को एक बार फिर सत्ता में लाने का फैसला किया है। मोदी ने कहा 'हरियाणा के लोगों ने भाजपा को फिर से सत्ता में लाने का फैसला किया है।' हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए 21 अक्टूबर को मतदान होगा और 24 अक्टूबर को मतगणना होगी। चरखी दादरी विस सीट से भाजपा ने पहलवान बबीता फोगाट को प्रत्याशी बनाया है। 'राजनीतिक दंगल' में उतरीं बबीता के पक्ष में प्रचार कर रहे मोदी ने कहा कि हरियाणा की बेटियों ने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा साबित की है। मोदी ने कहा 'अनौपचारिक बैठक के दौरान, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मुझसे कहा कि उन्होंने दंगल फिल्म देखी है।' प्रधानमंत्री ने हरियाणवी में कहा 'म्हारी छोरी छोरों से कम है के।'

# दिल्ली-एनसीआर को प्रदूषण से दो दिन बाद कुछ राहत

पेज 1 का बाकी

का जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, पंजाब और हरियाणा तक रहेगा। इसकी वजह से उत्तरी क्षेत्र में सर्द हवाओं में इजाफा होगा। उन्होंने बताया कि दीवाली तक उत्तर के मैदानी इलाकों में सुबह और रात के समय सर्दी बढ़ेगी।

मानसून की देर से वापसी के तापमान में तेजी से गिरावट के कारण इस साल अधिक सर्दी होने की आशंका के सवाल पर डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले सालों की तुलना में इस साल थोड़ा ज्यादा सर्दी होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है, लेकिन तापमान में कितनी अधिक गिरावट आयेगी, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि पश्चिमी विक्षोभ कितनी बार सक्रिय होगा। उन्होंने कहा कि 12 अक्तूबर को मानसून की वापसी के बाद अब तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है।

दिवाली तक इसमें एक से दो डिग्री सेल्सियस की और गिरावट आ सकती है।

# इकबाल मिर्ची से जुड़े संपत्ति मामले में प्रफुल्ल पटेल तलब

पेज 1 का बाकी

एक अन्य मामले में पहले ही उनसे पूछताछ कर चुकी है। ईडी के अधिकारियों के अनुसार पटेल की मिलेनियम डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड ने 2006-07 में सीजे हाउस नामक इमारत बनाई थी। इसकी तीसरी और चौथी मंजिलों को मिर्ची की पत्नी हाजरा इकबाल के नाम हस्तांतरित कर दिया गया।

बताया जाता है कि जिस जमीन पर इमारत बनाई गयी वह मिर्ची की थी। जांचकर्ताओं का दावा था कि यह जमीन धनशोधन, मादक पदार्थ तस्करी और कथित जबरन वसूली के अपराधों से उगाहे पैसों से खरीदी गई थी। पटेल और उनकी पार्टी ने सौदे में कुछ गलत होने की बात खारिज कर दी है और कहा कि संपत्ति के दस्तावेज दिखाते हैं कि लेनदेन साफ-सुथरा और पारदर्शी है। ईडी ने हाल ही में मिर्ची के दो कथित सहयोगियों को गिरफ्तार किया था। इकबाल मिर्ची की 2013 में लंदन में मौत हो गई

# एटवुड और एवरिस्टो को बुकर पुरस्कार

पेज 1 का बाकी

के लिए कनाडा की लेखिका मार्गरेट एटवुड और ब्रितानी लेखिका बर्नार्डिन एवरिस्टो को संयुक्त विजेता घोषित किया।

एटवुड (79) यह पुरस्कार अपने नाम करने वाली सर्वाधिक उम्र की विजेता हैं। इन पुरस्कारों की शुरुआत 1969 में की गई थी।

इस पुरस्कार के लिए छांटी गई छह पुस्तकों में ब्रितानी-भारतीय उपन्यासकार सलमान रुश्दी का उपन्यास क्विचोट भी शामिल था। बुकर के नियमों के अनुसार इस पुरस्कार को बांटा नहीं जा सकता, लेकिन निर्णायक मंडल ने कहा कि वे एटवुड की 'द टेस्टामेंट' और एवरिस्टो की 'गर्ल, वूमन, अदर' में से किसी एक को नहीं चुन सकते। इससे पहले 1992 में दो लोगों को संयुक्त रूप से यह पुरस्कार दिया गया था। इसके बाद नियमों में बदलाव कर दिया गया था। आयोजकों ने इस साल के निर्णायक मंडल से कहा था कि वे दो विजेताओं को नहीं चुन सकते। पांच सदस्यीय निर्णायक मंडल के अध्यक्ष पीटर फ्लोरेंस ने पांच घंटे के विचार विमर्श के बाद कहा, 'हमारा निर्णय है कि नियमों को तोड़ा जाएगा।' निर्णायक मंडल ने कहा कि वे चाहते हैं कि दोनों लेखिकाएं यहां गिल्डहॉल में एक बड़े कार्यक्रम में 50 हजार पाउंड की राशि आपस में बांटे। फ्लोरेंस ने कहा, 'हमने उनके बारे में जितनी चर्चा की, हमें उतना ही ज्यादा यह महसूस हुआ कि हम दोनों को इतना पसंद करते हैं कि दोनों ही विजेता बनें।' 79 वर्षीय कनाडाई लेखिका एटवुड ने एवरिस्टो के साथ यह पुरस्कार साझा करने पर खुशी जताते हुए मजाकिया लहजे में कहा, 'मुझे लगता है कि मैं काफी बुजुर्ग हो गई हूं और मुझे लोगों के इतने ध्यान की आवश्यकता नहीं है, इसलिए मुझे खुशी है कि आपको भी पुरस्कार मिला है।' उन्होंने कहा, 'यदि मैं अकेले यह पुरस्कार जीतती, तो मुझे थोड़ा संकोच होता। इसलिए मैं खुश हूं कि आपको (एवरिस्टो) भी यह पुरस्कार मिला है।' एवरिस्टो ने कहा, 'हम ब्लैक ब्रितानी महिलाएं जानती हैं कि यदि हम अपने बारे में नहीं लिखेंगी तो कोई और भी यह काम नहीं करेगा।' एवरिस्टो ने कहा, 'यह अविश्वसनीय है कि मुझे मार्गरेट एटवुड के साथ यह पुरस्कार मिला, जो महान और उदार हैं।' इनके अलावा लुसी एलमन को 'डक्स, न्यूबरीपोर्ट' चिगोजी ओबिओमा को 'एन ऑर्केस्ट्रा ऑफ मायनोरिटीज' और एलिफ शफक को '10 मिनट्स 38 सेकंड्स इन दिस स्ट्रेंज वर्ल्ड' के लिए छांटा गया था। एटवुड का उपन्यास 'द हैंडमेड्स टेल' भी 1986 में इस पुरस्कार के लिए छांटा गया था लेकिन तब वह यह पुरस्कार जीत नहीं पाई थीं।

इस साल 151 किताबों में से इन छह उपन्यासों को छांटा गया था। अंतिम छह में जगह बनाने वाले इन लेखकों को भी 2500-2500 पाउंड राशि पुरस्कार मिलेगी। रुश्दी ने 'मिडनाइट्स चिल्ड्रन' के लिए 1981 में यह पुरस्कार अपने नाम किया था। मुंबई में जन्मे रुश्दी की पुस्तक पांच बार इस पुरस्कार के लिए छांटी गई है। पिछले साल एना बर्न्स को 'मिल्कमैन' के लिए यह पुरस्कार मिला था।

## अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी घटाई भारत की आर्थिक वृद्धि दर

पेज 1 का बाकी

भारत की वास्तविक आर्थिक वृद्धि दर 6.8 फीसद से भी कम है। लेकिन उसे उम्मीद है कि 2020 में इसमें सुधार होगा। तब देश की आर्थिक वृद्धि दर सात फीसद रह सकती है।

विश्व बैंक ने भी गत रविवार को अपनी दक्षिण एशिया आर्थिक परिदृश्य की नवीनतम रपट में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2019 में गिरकर छह फीसद रहने का अनुमान जताया था। आइएमएफ की अप्रैल 2019 की विश्व आर्थिक परिदृश्य रपट में जताए अनुमान के मुकाबले 2019 का मौजूदा अनुमान 1.2 फीसद और 2020 का 0.5 फीसद कम है। आइएमएफ के मुताबिक यह घरेलू मांग के उम्मीद से ज्यादा कमजोर रहने को प्रतिबिंबित करता है।

आइएमएफ ने कहा कि मौद्रिक नीति में नरम रुख अपनाने, कारपोरेट कर घटाने, कारपोरेट और पर्यावरण से जुड़ी नियामकीय अनिश्चितताओं को दूर करने के हालिया कदम और ग्रामीण मांग बढ़ाने के सरकारी कार्यक्रमों से वृद्धि को समर्थन मिलेगा। इसका असर कुछ समय बाद परिलक्षित होगा।

## 'मिर्ची के साथ जमीन सौदा अटकलबाजी'

पेज 1 का बाकी

गया हो।' गौरतलब है कि ऐसी कुछ खबरें आई हैं कि पटेल ने मिर्ची की पत्नी हाजरा मेमन के साथ मिर्ची परिवार की जमीन-जायदाद का सौदा किया है।

ईडी का दावा है कि प्रफुल्ल पटेल की कंपनी मिलिनियम डेवलपर्स ने 2007 में मुंबाइस सीजे हाउस के दो तलों को हाजरा को हस्तांतरित किया था। यह हस्तांतरण उस जमीन में के बदले में किया गया जिस पर इस इमारत का निर्माण किया गया है। कथित तौर पर इस जमीन में मिर्ची के हित जुड़े हुए थे। पटेल ने कहा, 'मिलिनियम का मालिक मेरा परिवार है, इसमें कोई और भागीदार नहीं है।' एनसीपी नेता ने कहा, 'पटेल परिवार और हाजरा मेमन के बीच एक पैसे की भी संपत्ति का सौदा नहीं हुआ है।' पटेल ने कहा, 'सब कुछ बंबई हाई कोर्ट के रिसीवर के कब्जे में है। हम इस मामले में कहीं भी सीधे तौर पर संपत्ति की देखभाल नहीं कर रहे हैं और न ही हम इसके प्रभारी हैं।' यह पूछे जाने पर कि ईडी की कार्रवाई के पीछे क्या कोई राजनीति मंशा दिखाई देती है? पटेल ने कहा, 'आप (मीडिया) इस बारे में बेहतर समझ सकते हैं क्योंकि कुछ दस्तावेज जिनके बारे में मुझे पता नहीं नहीं है, वह आपके जरिए सामने आए हैं।'

## दरअसल



## अगला युद्ध स्वदेशी शस्त्र प्रणालियों से लड़ेंगे : सेना प्रमुख

पेज 1 का बाकी

दशकों में रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की उपलब्धियों के लिए उसकी तारीफ की और कहा कि भारत अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में नए कीर्तिमान गढ़ रहा है।

सेना प्रमुख ने कहा, 'हमें विश्वास है कि सेनाओं को इससे बहुत लाभ मिलेगा।' रावत ने कहा, 'भारत हथियारों और गोला-बारूद के सबसे बड़े आयातकों में से एक है और आजादी के 70 साल बाद भी ऐसा कहना कोई गौरव की बात नहीं है। लेकिन पिछले कुछ सालों में यह स्थिति बदल रही है। डीआरडीओ सेनाओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रयासरत है जो स्वदेशी समाधानों से निकली हों।' यहां डीआरडीओ भवन में आयोजित दो दिवसीय उद्घाटन सत्र में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विशिष्ट अतिथि थे। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, वायु सेना प्रमुख एअर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया, नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह तथा डीआरडीओ के प्रमुख जी सतीश रेड्डी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

रक्षा मंत्री ने शुरूआत में डीआरडीओ परिसर में स्थित पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कलाम की 88वीं जयंती के मौके पर सिंह ने कहा, 'हम उनके जीवन से प्रेरणा लें और भारत को वैज्ञानिक उपलब्धियों के माध्यम से विकसित देश बनाने के उनके सपने को पूरा करें।' उन्होंने दुनिया को बदलने वाली विनाशकारी तकनीकों के पहलुओं पर भी जोर दिया और कहा कि भारत को इसमें नेतृत्व की भूमिका में उभरना होगा। डोभाल ने कहा कि मजबूत और सुरक्षित भारत बनाने के लिए डीआरडीओ की भूमिका बहुत अहम होगी।

## झपटमारों ने छीना मजिस्ट्रेट का मोबाइल

पेज 1 का बाकी

टीमें इस दिशा में काम कर रही है। बहुत जल्द आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। देश की राजधानी दिल्ली में अपराध की वारदातें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भतीजी से झपटमारी की घटना सामने आई, तो अब एक मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट के साथ वारदात हो गई। उत्तरी दिल्ली के कमला नगर इलाके में सोमवार रात बदमाशों ने मजिस्ट्रेट का मोबाइल छीन लिया। यह वारदात उस समय हुई जब मजिस्ट्रेट अपने घर के बाहर टहल रहे थे। जिले की पुलिस उपायुक्त मोनिका भारद्वाज का कहना है कि वे घर के बाहर फोन पर बात करते हुए टहल रहे थे तभी पीछे से आए मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने उन्हें निशाना बना लिया। उनका मोबाइल झपटकर तेज गति से गाड़ी चलाकर भाग गए।

# संस्थान की छवि धूमिल करने का प्रयास : जस्टिस मिश्रा

पेज 1 का बाकी

वे खुद हैं। शीर्ष अदालत ने पिछले साल छह मार्च को कहा था कि समान सदस्यों वाली उसकी दो अलग-अलग पीठ के भूमि अधिग्रहण से संबंधित दो अलग-अलग फैसलों के सही होने के सवाल पर वृहद पीठ विचार करेगा। न्यायमूर्ति मिश्रा ने मंगलवार को इस प्रकरण की सुनवाई के दौरान कहा- यदि इस संस्थान की ईमानदारी दांव पर होगी तो मैं त्याग करने वाला पहला व्यक्ति होऊंगा। मैं पूर्वाग्रही नहीं हूं और इस धरती पर किसी भी चीज से प्रभावित नहीं होता हूं। यदि मैं इस बात से संतुष्ट होऊंगा कि मैं पूर्वाग्रह से प्रभावित हूं तो मैं स्वयं ही इस मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लूंगा। उन्होंने पक्षकारों से कहा कि वे उन्हें इस बारे में संतुष्ट करें कि उन्हें इस प्रकरण की सुनवाई से खुद को क्यों अलग करना चाहिए।

न्यायमूर्ति मिश्रा ने कहा कि सवाल यह है कि क्या हम संविधान पीठ में बैठ सकते हैं। हालांकि हमने ही इस मामले को वृहद पीठ के पास भेजा था। यह फैसले के खिलाफ अपील नहीं है जिसका मैं एक हिस्सा था। मैं अपना दृष्टिकोण बदल सकता हूं या इसमें सुधार कर सकता हूं, यदि मुझे इसके लिए राजी किया जाए। इससे पहले, सुनवाई शुरू होते ही कुछ पक्षकारों की ओर से वरिष्ठ वकील श्याम दीवान ने कहा कि पांच सदस्यीय संविधान पीठ की अध्यक्षता कर रहे न्यायाधीश ने उस निर्णय पर हस्ताक्षर किए थे जिसके सही होने के मुद्दे पर यह पीठ विचार कर रही है। इसमें पक्षपात का तत्व हो सकता है।

